

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 8 अगस्त 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-131 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## महिलाओं की भागीदारी पर राहुल गांधी का वीडियो संदेश

**नई दिल्ली ,8 अगस्त** । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महिलाओं की आजादी और भागीदारी पर बयान दिया। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि जब तक महिलाएं खुलकर अपनी बात नहीं रख पाएंगी, तब तक कोई भी देश पूरी तरक्की नहीं कर सकता। राहुल गांधी के इस बयान पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस को अब संसद में महिला आरक्षण विधेयक का बिना शर्त समर्थन करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दरअसल, राहुल गांधी ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट कर में अपनी बात रखी। गुरुवार को भी 'आस्क मी एनीथिंग' सत्र में भी उन्होंने इसी मुद्दे पर बात की थी। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, मैं सोच रहा था कि भारत की महिलाओं की ऊर्जा फंसी हुई है, उसे व्यक्त करने की इजाजत नहीं है, कल्पना करने की आजादी नहीं है। मेरे लिए कोई भी देश तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक वहां की महिलाएं खुद को व्यक्त न कर सकें।

## असम में बाढ़ से बिगड़े हालात

**गुवाहाटी ,08 अगस्त** । असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां 13 जिलों में 15 लाख से अधिक लोग अभी भी बाढ़ के प्रभाव से जूझ रहे हैं, जबकि इस साल की बाढ़ में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 98 हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, वर्तमान में 13 जिलों के 33 राजस्व सर्किलों में फैले 464 गांवों में 1,55,849 लोग प्रभावित हैं। शिवसागर सबसे अधिक प्रभावित जिला रहा, जहां 48,286 लोग प्रभावित हुए, उसके बाद गोलाघाट में 58,750, जोरहाट में 25,259, चराइदेव में 12,779, नागांव में 5,424, दरांग में 3,367 और धेमाजी में 1,265 लोग प्रभावित हुए। राज्य भर में 10,748.64 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले फसल के खेत अभी भी जलमग्न हैं।

एएसडीएमए की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित जिलों में 73 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र कार्यरत हैं, जो हजारों विस्थापित लोगों को आश्रय और सहायता प्रदान कर रहे हैं।

फिलहाल कुल 10,326 कैदी राहत शिविरों में रह रहे हैं, जबकि 6,881 लोगों को राहत वितरण केंद्रों के माध्यम से सहायता मिल रही है।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह गोलाघाट और नुमालीगढ़ में धनसिरी (दक्षिण) नदी, साथ ही श्रीभूमि जिले में कुशियारा नदी, खतरे के स्तर से ऊपर बह रही थीं, हालांकि कोई भी नदी अपने उच्चतम बाढ़ स्तर से ऊपर नहीं बह रही थी।

# मैं बाबा बागेश्वर नहीं हूं, लेकिन कुछ तो चलता होगा

### IIT दिल्ली में पीएम मोदी की बात पर जमकर बजीं तालियां, खूब हंसे GenZ



**नई दिल्ली,8 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज की चुनौतियां अलग हैं, इसलिए हमारी जिम्मेदारियां भी अलग हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि अगले 30-35 साल में वे जो भी काम करेंगे, उसका असर विकसित भारत के सफर पर पड़ेगा। इसलिए उन्हें हर फैसला लेते समय यह सोचना चाहिए कि इससे देश को क्या फायदा होगा और देश की कौन सी जरूरत पूरी होगी। उन्होंने इस मौके पर राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, निदेशक स्वर्ण पदक, शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक और परफेक्ट टेन स्वर्ण पदक से मेधावियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान 587 पीएचडी शोधार्थियों सहित 3,000 से अधिक स्नातक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। उन्होंने कहा कि कैंपस की सब बातें बिल्कुल साफ होती हैं, सब पता होता है लेकिन जिंदगी की परीक्षा में सब आउट ऑफ सिलेबस होता है। जिंदगी में कोई कोर्स या क्वेश्चन पेपर नहीं होता। कई बार जिंदगी में असली सवाल खुद ही पहचानना पड़ता है। आईआईटी के सफल पूर्व छात्रों की सफलता का कारण केवल सही जवाब देना नहीं था, बल्कि यह था कि उन्होंने उन सवालों को पहचाना जिन्हें दुनिया ने सवाल मानना छोड़ दिया था और उन समस्याओं का हल निकाला जिनके साथ बाकी लोग समझौता कर चुके थे।

पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आज सभी छात्र दीक्षांत समारोह में मौजूद हैं, लेकिन उनके मन में भविष्य को लेकर कुछ न कुछ जरूर चल रहा होगा। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "मैं बाबा बागेश्वर तो नहीं हूं, लेकिन कुछ तो चलता होगा।" बाबा बागेश्वर के नाम का जिक्र करते हुए छात्रों ने जमकर तालियां बजाईं और खूब हंसे। पीएम मोदी ने कहा कि हर छात्र के मन में आने वाले कल की अलग-अलग तस्वीर होती है। पीएममोदी ने छात्रों के भविष्य के सपनों का जिक्र करते हुए कहा कि किसी छात्र को अपनी पहली नौकरी और सैलरी का इंतजार होगा, तो कोई स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रहा होगा।

### मेडल लेने वालों में बेटियां भी होतीं तो अच्छा होता

पीएम मोदी ने कहा, "कई छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मेडल मिले हैं। मैं आप सभी को दिल से बधाई देता हूं। हालांकि, अगर उनमें कुछ और बेटियां होतीं तो और भी अच्छा होता। सिर्फ एक या दो ही क्यों? और भी होनी चाहिए थीं।' पीएम मोदी ने आगे कहा, निश्चित रूप से अकादमिक डिग्री और स्कोर का अपना महत्व है। लेकिन मुझे लगता है कि आपकी डिग्री दुनिया को यह बताती है कि आप कठिन समस्याओं का समाधान करना जानते हैं। आप आईआईटी दिल्ली के अपने सफर को याद कीजिए। यहां तक पहुंचना आसान नहीं था और यहां की पढ़ाई भी आसान नहीं थी। लेकिन आपने हार नहीं मानी. यह डिग्री आपको एक दिन में नहीं मिली। एक-एक विषय और एक-एक प्रोजेक्ट, मिड सेमेस्टर और एंड सेमेस्टर जैसे छोटे-छोटे कदमों ने आपको यहां तक पहुंचाया है। जीवन भी इसी सिद्धांत से चलता है। जब कोई चुनौती बहुत बड़ी लगे तो उससे घबराइए मत. उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दीजिए।

## अब फॉर्च्यून, पेप्सिको और रेड बुल पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** देश के खाद्य सुरक्षा नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। फॉर्च्यून ब्रांड बेचने वाली कंपनी अडानी विल्मर पर जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना उत्पाद की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर लगा है। गोवा के ताज फोर्ट अगुआडा रिजॉर्ट से लिए गए फॉर्च्यून फ्रायोला रिफाइंड सनफ्लावर तेल के सैंपल की जांच हुई थी। जांच में तेल में विटामिन डी की मात्रा तय सीमा से काफी कम मिली। कंपनी ने इस पर रिपेल लैब से अपील भी की थी। वहीं, दोबारा जांच में भी विटामिन डी की कमी की पुष्टि हो गई। इसके बाद सेंट्रल लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने कंपनी पर जुर्माने की मंजूरी दे दी। गोवा के एडजुडिकेटिंग अफसर ने मैंगलोर स्थित एडब्ल्यूएल एग्रो प्रोडक्ट्स के बिजनेस पर यह जुर्माना लगाया।इसी बीच एनर्जी ड्रिंक बनाने वाली कंपनियों पर भी सख्ती बढ़ गई है। एफएसएसएआई ने जुलाई में पेप्सिको, रेड बुल, मॉन्स्टर और अन्य कंपनियों को नोटिस दिया था। इन कंपनियों को हाई कैफीन ड्रिंक्स के लेबल से एनर्जी ड्रिंक शब्द हटाने का आदेश दिया गया था। इसके लिए कंपनियों को 90 दिन का समय दिया गया। वहीं, कंपनियों ने इस समयसीमा में राहत देने से इनकार कर दिया है। दरअसल कंपनियों ने एक साल की मोहलत मांगी थी। कंपनियों का कहना था कि मौजूदा स्टॉक 60 से 90 दिन में खप सकता है। राजस्थान और लद्दाख में स्टिंग, कैफ एनर्जी और रेड बुल कैंपेन पहले ही जब्त हो चुके हैं। नियामक ने साफ कर दिया कि तय समयसीमा में ही बदलाव करना होगा। यह पहला मौका नहीं है जब एफएसएसएआई ने किसी बड़ी कंपनी पर सख्ती दिखाई हो। इससे पहले नियामक ने डाबर इंडिया के कई प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकने का आदेश दिया था। यह कार्रवाई शहद, घी, नारियल तेल और तिल के तेल जैसे उत्पादों पर लागू हुई थी। नियामक का कहना था कि डाबर अपने प्रोडक्ट्स पर 100 प्रतिशत नैचुरल और 100 प्रतिशत प्योर जैसे दावे कर रही थी।

## सीमा पर नियम सख्त, सुरक्षा कड़ी, पाबंदियां भी बढ़ीं

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** भारत की सीमाओं की सुरक्षा को पुख्ता करने और उसे घुसपैठिया मुक्त बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बड़ा फैसला किया है। सीमावर्ती इलाकों में तेजी से बढ़ती अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अब राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियंत्रण रेखा (एलओसी), वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा के बेहद करीब सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कड़े नियम तय कर दिए हैं। इन नए दिशानिर्देशों का मकसद एक ओर देश की हरित ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाली परियोजनाओं को सुरक्षा के दायरे में लाना है, तो दूसरी ओर सीमावर्ती क्षेत्रों में विदेशी नागरिकों, कंपनियों और संवेदनशील बुनियादी ढांचे से पैदा होने वाले संभावित सुरक्षा जोखिमों को समय रहते रोकना है। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 50 किलोमीटर तक के क्षेत्र को संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा मंजूरी, रक्षा मंत्रालय की एनओसी और व्यापक निगरानी व्यवस्था को अनिवार्य बनाया है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी कर नियंत्रण रेखा, वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर के दायरे में सौर, पवन और हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा की किसी भी नयी परियोजना पर रोक लगा दी है। मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा प्रभाग की ओर से जारी दिशानिर्देशों में परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों, विशेष रूप से पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन के इंजीनियरों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को केंद्र सरकार की अनुमति के बिना नियुक्त करने पर भी रोक लगाई गई है। दिशानिर्देशों के तहत नियंत्रण रेखा (एलओसी), वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) या अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे वाले क्षेत्रों को "संवेदनशील क्षेत्र" घोषित किया गया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा से 20 किलोमीटर तक का क्षेत्र भी शामिल है, जहां परियोजना के लिए रक्षा मंत्रालय से अलग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेना होगा। इन दिशानिर्देशों के तहत जिन परियोजनाओं के लिए दोबारा आवेदन करना होगा, उन पर भी ये प्रावधान लागू होंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा मंजूरी से संबंधित दिशानिर्देशों में कहा गया है, "50 किलोमीटर के दायरे में सभी सौर, पवन और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं के लिए गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी लेना जरूरी होगा। एक किलोमीटर के दायरे में कड़ी पाबंदी रहेगी और वहां परियोजना से जुड़ी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं होगी।"

## कोयला घोटाला केस की सुनवाई से 2 जज हटे

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** दिल्ली में कोयला घोटाला के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष रूप से नियुक्त सत्र न्यायाधीश को मात्र छह महीने बाद सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के असामान्य अनुरोध पर उठाया है, जिसमें कहा गया था कि वह और एक अन्य विशेष सीबीआई न्यायाधीश किसी अन्य जिम्मेदारियों के लिए अधिक उपयुक्त हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और वी. मोहना की पीठ ने आदेश में दर्ज किया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा और धीरज मोर के तबादले की मांग की थी, ताकि उन्हें अन्य जिम्मेदारियां सौंपी जा सकें। सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से एक पत्र मिला था, जिसमें दोनों न्यायिक अधिकारियों को उत्कृष्ट योग्यता वाला बताया गया और कहा गया कि हाई कोर्ट उनकी सेवाओं का उपयोग कहीं और करना चाहता है। न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने इसी साल जनवरी में पदभार ग्रहण किया था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के अनुरोध को मंजूरी दी थी, जिसमें तत्कालीन पीठासीन जज संजय बंसल को कार्यमुक्त करने की मांग की गई थी।

## नेतन्याहू ने की मोदी की प्रशंसा

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते खाड़ी देशों में जारी तनाव के बीच भारत-इजराइल अपने रिश्ते को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर पीएम मोदी की तारीफ की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन पर बातचीत की। इसके बाद नेतन्याहू ने पीएम मोदी को थैंक्यू कहते हुए इजरायल व भारत के बीच संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बेंजामिन नेतन्याहू ने चार दिन के अंदर दूसरी बार पीएम मोदी की तारीफ की है। इससे पहले 4 अगस्त 2026 को इजराइली प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की थी। इजराइली पीएम ने कहा था कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को अपना जिगरी दोस्त बताया था। अब एक बार फिर बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी को कॉल कर बात की। पीएम मोदी ने गुरुवार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मुझे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मुझे इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फ़ोन आया। हमने भारत और इज़राइल के बीच स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के अलग-अलग पहलुओं पर हुई प्रोग्रेस का रिव्यू किया, जो लगातार मज़बूत और डेवलप हो रही है।

हमने वेस्ट एशिया के मौजूदा हालात पर भी अपने विचार शेयर किए।प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट पर रिप्लाई देते हुए इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लिखा- धन्यवाद, मेरे दोस्त, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। हम सब मिलकर इज़राइल और भारत के बीच के रिश्ते को और मज़बूत करते रहेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने भारत-इजरायल विशेष रणनीतिक साझेदारी में हो रही लगातार प्रगति की समीक्षा की।

## मेरठ में योगी ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**लखनऊ,8 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ में कांवड़ियों और भगवान शिव के भक्तों पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं और चल रही कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए हेलीकॉप्टर से मेरठ इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया। मेरठ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव के लाखों भक्त कांवड़ यात्रा में शामिल हो रहे हैं और 'जलाभिषेक' करने के लिए पवित्र शिव मंदिरों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सावन शिवरात्रि तक कांवड़ यात्रा में लगभग 4 से 4.5 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। CM योगी ने कहा कि सावन के महीने में पवित्र कांवड़ यात्रा चल रही है। भगवान शिव के भक्त, यानी कांवड़िए, हरिद्वार में 'हर की पौड़ी' से पवित्र जल लेकर अपनी मंज़िल की ओर बढ़ रहे हैं। मेरा मानना है कि सावन शिवरात्रि तक, 4 से 4.5 करोड़ भक्त हरिद्वार से पवित्र जल लेकर शिव के पवित्र मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

## महिला के शव को दफनाने पर बवाल

**धमतरी,8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मृतका के शव दफन को लेकर विवाद खड़ा हो गया. श्यामतराई गांव में हिंदू धर्म नहीं मानने वाली महिला के शव दफनाने का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया. सूचना के बाद मौके पर प्रशासनिक अमला भी पहुंच गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि मृतका गीता साहू पिछले कई वर्षों से हिंदू रीति रिवाज का पालन नहीं कर रही थी और गांव के किसी भी हिंदू मान्यता और भगवान को नहीं मान रही थी. उन्होंने बताया कि महिला द्वारा रामपाल पंत को मानने की बात कही जा रही थी. शव दफनाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए. वह महिला के शव को गांव की जमीन में दफनाने का विरोध कर रहे हैं. मृतिका के शव को उसके परिजन जब दफनाने पहुंचे तो ग्रामीणों ने कहा कि शमशान घाट में हिंदू रीति रिवाज से ही अंतिम संस्कार होना चाहिए. इसके बाद वहां बांस लगाकर वहां घेराबंदी कर दी. घटना की सूचना पर मौके पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची. काफी देर तक दोनों पक्षों को समझाइश दी गई. बातचीत के बाद परिवार ने महिला का अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक करने को तैयार हुआ. फिलहाल गांव में हालात सामन्य है.



## राघव चड्ढा ने पीएम मोदी को भेंट की भगवान गणेश की मूर्ति

**नई दिल्ली।** भाजपा राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात को यादगार बताया है। सांसद ने पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीर 'एक्स' पर शेयर की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक सुबह जो हमेशा याद रहेगी रखूंगा। पीएम मोदी से मिलने का सौभाग्य मिला। विस्तृत और समृद्ध बातचीत हुई। उनके बहुमूल्य समय और मार्गदर्शन से सीखने का अवसर देने के लिए हृदय से आभारी हूं। एक्स पर शेयर की गई तस्वीर में राघव चड्ढा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की।

## चंबा में मौत का सफर, बस हादसे में 7 की मौत

**चंबा,8 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बैरागढ़-चंबा मार्ग पर निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसे में ड्राइवर-कंडक्टर समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 11 घायल गंभीर बताए जा रहे हैं। हादसा सुबह करीब 6:30 बजे देवीकोठी के पास चालुज मोड़ पर हुआ। बताया जा रहा है कि बैरागढ़ से चंबा जा रही शर्मा ट्रैवलर्स की बस करीब 3 किलोमीटर आगे पहुंची थी, तभी चालक का नियंत्रण छूट गया। बस सड़क से नीचे गिरकर दूसरी सड़क पर जा पहुंची। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव शुरू किया। ग्रामीणों ने बस के मलबे से घायलों को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल तीसा पहुंचाया। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव अभियान जारी है। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।



### खेलकूद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए विश्लेषण जरूरी

# ऐसे इवेंट में ध्यान दें जिसमें कम होते हैं प्रतिभागी

**जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ ग .**

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 1934 से भाग लेना आरंभ किया और 1950, 1962, 1986 को छोड़कर 19 संस्करणों में भाग लिया है तथा अब तक कुल 216 स्वर्ण, 207 रजत 180 कांस्य पदक सहित कुल 603 पदक जीते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता में आने के पश्चात खेलकूद को बढ़ावा देने की नई परंपरा चली जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री ने किया और 2017-18 से खेलो इंडिया जिसे 2026-27 से खेलो इंडिया मिशन कहा जाता है उस कार्यक्रम को लागू किया। इसका उद्देश्य जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें खेल विशेष में गहन प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करना तथा आमतौर पर ओलंपिक खेलों की अत्याधुनिक अधोसंरचना तैयार करना है। इस दृष्टि से कि हमारे खिलाड़ियों के लिए कामनवेल्थ गेम्स 2026 ग्लास्गो, स्काटलैंड में भाग लेना परीक्षण का पहला दौर था। इसमें भारतीय खिलाड़ियों ने दस खेलों में भाग लिया और 39 पदक जीते जिसमें 13 स्वर्ण, 17 रजत और 09 कांस्य पदक शामिल थे। ग्लासगो के 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों में दस खेलों में 215 इवेंट के लिए मुकाबले हुए थे। अगर हमें भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करना है तो प्रत्येक खेल के इवेंट, भारतीय एथलीट के भाग लेने वाले खेल के कुल देश व कुल खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी। पुरुष मुक्केबाजी 55 किग्रा वर्ग में 24 देशों ने भाग लिया। भारत के जादूमनी सिंह ने रजत, इसी तरह 60 कि.ग्राम में 23 देशों के 23 मुक्केबाजों के बीच मुकाबला हुआ जिसमें भारत के सचिन सिवाच ने स्वर्ण जीता। भारत ने 65 किग्रा में जिसमें 26 देशों के 26 मुक्केबाज, 70 किग्रा जिसमें 17 देशों के 17 मुक्केबाज रिंग में उतरे भारत के किसी मुक्केबाज ने योग्यता हासिल नहीं किया। 80 किग्रा में 24 देशों के 24 मुक्केबाजों ने भाग लिया। भारत के अंकुश पंघाल ने स्वर्ण जीता। 80 किग्रा वर्ग में 9 देशों के 9 मुक्केबाजों ने भाग लिया परंतु हमारे देश के कमल पंखड़ियां पराजित हो गए। 90 से अधिक वर्ग में 8 देशों के 8 मुक्केबाजों के बीच भारत के नरेन्द्र बर्ननाल ने रजत पदक जीता। इसी तरह महिला वर्ग में 51 कि.ग्रा. में 14 देशों की 14 मुक्केबाज रिंग में उतरी और साक्षी चौधरी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। 54 किग्रा वर्ग में 17 देशों के 17 मुक्केबाजों में भारत की प्रीति पवार ने स्वर्ण हथिया लिया। 57 कि ग्राम वर्ग में 9 देशों के 9 मुक्केबाजों में जेसमीन लेबोरिया ने स्वर्ण जीता। महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में 10 देशों के 10 मुक्केबाजों के बीच प्रिया ने स्वर्ण पर कब्जा किया। 65 किग्रा वर्ग के 8 देशों के 8 मुक्केबाजों के बीच में पदक हासिल करने में भारत की परवीन हूडा असफल रही। 70 किग्रा वर्ग में अरुंधति चौधरी ने 8 देशों के 8 मुक्केबाजों में स्वर्ण हासिल किया। 75 किग्रा वर्ग में 5 देशों के 5 मुक्केबाजों में लेविन बोरगेहन ने रजत पदक हासिल किया।इस तरह भारत के खेल प्रशासकों, प्रशिाकों को ध्यान देना होगा कि प्रत्येक इवेंट के लिए खिलाड़ी तैयार करना है। विशेषकर ऐसे इवेंट जिसमें कम देशों के खिलाड़ी मैदान में मुकाबला करने उतरते हैं। **क्रमश** ...

# विधायक निधि से अधिकांश समाजों को भवन के लिए मिली 10 से 20 लाख की राशि : रिकेश सेन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की ओर से बताया गया है कि अगस्त 2024 में उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न समाजों के लिए विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले दो वर्षों में चिन्हांकित अधिकांश समाजों को सामुदायिक भवन के लिए विधायक निधि से 10 से 20 लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जा चुकी है। विधायक सेन ने बताया कि क्षेत्र के कुछेक समाज ही ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक सामुदायिक भवन की सुविधा के लिए निधि नहीं मिल पाई है। इनमें प्रमुख रूप से वे समाज शामिल हैं, जिनके पास भवन निर्माण के लिए स्वयं की जमीन उपलब्ध नहीं है, जमीन को लेकर विवाद है अथवा संबंधित समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक कार्यालय से संपर्क नहीं किया है।



उन्होंने कहा कि जिन समाजों को अब तक विधायक निधि से सामुदायिक भवन के लिए राशि नहीं मिली है, उनके प्रतिनिधियों को विधायक कार्यालय में संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी उनके कार्यकाल का लगभग ढाई वर्ष शेष है और विधायक निधि में करीब 8 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। सेन ने कहा कि पात्र एवं आवश्यक समाजों को नियमानुसार सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में देशभर में 7 अगस्त को जैवलिन डे मनाया गया। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र एथलेटिक्स क्लब द्वारा बीएसपी भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 मैदान में जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग तथा सेल एथलेटिक्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक, अंडर-14 बालिका, पुरुष ओपन और महिला ओपन वर्गों में करीब 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भिलाई एवं आसपास के क्षेत्रों के अलावा एचबीएस अकादमी, पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई तथा बीएसपी एथलेटिक्स क्लब के खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम से दसवें स्थान तक आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अंडर-14 बालक वर्ग में आर्यन साहू प्रथम, देश गुप्ता द्वितीय और प्रिंस तृतीय रहे। बालिका वर्ग में वंदना ने पहला, तृषा साहू ने दूसरा और आरती निषाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष ओपन वर्ग में किशन कुमार प्रथम, गौतम द्वितीय और साहिल मंडावी तृतीय रहे। महिला ओपन वर्ग में बिथिका रावा ने प्रथम, अंजली ठाकुर ने द्वितीय और कोशी ध्रुव ने तृतीय स्थान हासिल किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी एथलेटिक्स क्लब के वर्किंग प्रेसिडेंट परविंदर सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जैवलिन जैसे ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों से जोड़ने में इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक एवं पूर्व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि बीएसपी भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में बीएसपी एथलेटिक्स क्लब के सचिव अनिरुद्ध के नेतृत्व में दीपक पटेल, शिव कुमार, टेकराम साहू, रजनीश सिंह, सुरेश कुमार, रोहित साहू, राजकुमार ठाकुर, ज्ञान सिंह, दामोदरन, आर. सुनील कुमार सहित क्लब के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### हेरोइन की तस्करी आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 8 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है स्मृति नगर चौकी पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई में पंजाब से चिट्टा लाकर स्थानीय युवाओं को बेचने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत तीन लाख 40 हजार रुपए बताई गई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (बी) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि एक युवक ट्रक के खलासी के रूप में पंजाब आता-जाता है और वहीं से हेरोइन लाकर वैशाली नगर क्षेत्र में खपाता है उसकी वजह से कई युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे थे सूचना की पुष्टि के बाद एसीसीयू और चौकी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई पुलिस टीम ने जुनवानी-खम्हरिया मार्ग पर घेराबंदी कर शांति नगर निवासी हर्ष देव सिंह विज को गिरफ्तार किया पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पंजाब से हेरोइन खरीदकर भिलाई लाता था और वैशाली नगर क्षेत्र में इसकी बिक्री करता था ।

### रिश्तेदारों को भेजा अश्लील वीडियो यूपी से पड़कर लाई पुलिस



**भिलाई, 8 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाने पुलिस ने युवती की बिना जानकारी और सहमति के अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले को उत्तर आरोपी को उत्तर प्रदेश के देवरिया खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि आरोपी मनीष साहनी ने वीडियो कॉल के दौरान युवती की जानकारी और सहमति के बिना उसकी आपत्तिजनक रिकॉर्डिंग कर ली बाद में उसने इसवीडियो का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता के रिश्तेदारों के वाट्सऐप नंबरों पर क्लिप भेज दी। इससे पीड़िता की निजता और सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर ठेस पहुंची साइबर अपराध के तहत दर्ज हुआ मामला पीड़िता की शिकायत पर खुर्सीपार थाना पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की तकनीकी साक्ष्यों और साइबर ट्रैकिंग के आधार पर पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर उसे उत्तर प्रदेश के देवरिया से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई ।

### शासकीय कर्मचारी से मारपीट, दो बंदी



**भिलाई, 8 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई शासकीय कार्य के दौरान कर्मी के साथ मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि एफसीआई गोदाम दुर्ग का सहायक ग्रेड-3, भारतीय खाद्य निगग में पदस्थ ध्रुव कुमार यादव चावल से भरी रैक को खाली कराने का काम करा रहे थे इस दौरान धमधा नाका दुर्ग निवासी अभिषेक जाल उर्फ भालू और कैलाश नगर दुर्गेश महानंद शासकीय कार्य में बाधा पैदा कर मारपीट करने लगे। पीड़ित घायल होने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया पकड़े गए दोनों आरोपी शासकीय कार्य के दौरान जबरन विवाद कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहे थे घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है पकड़े गए आरोपियों से धारदार हथियार जब्त किया गया है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर कबीरधाम में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 अगस्त।** विश्व स्तनपान सप्ताह (01 से 07 अगस्त 2026) के अवसर पर आज दिनांक 07 अगस्त 2026 को शासकीय बालगृह जोराताल, कवर्धा के सभागार में जिला स्तरीय स्तनपान जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री माताओं में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जन्म के प्रथम घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ कराने, 0 से 6 माह तक केवल माँ का दूध पिलाने (एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग) तथा 6 माह पश्चात उचित पूरक आहार के साथ कम से कम 2 वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने संबंधी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना था। साथ ही,



महिला एवं बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले की क्षमता में वृद्धि करना इसका प्रमुख लक्ष्य रहा।

**तकनीकी सत्रों एवं विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन-**कार्यशाला के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

**विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य एवं विभागीय भूमिका-** सुश्री चंचल यादव (जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कबीरधाम) तथा श्रीमती कृतिका सिंह (परियोजना अधिकारी, दशरंगपुर) ने स्तनपान के महत्व, जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान कराने एवं शुरुआती 6 माह तक केवल माँ के दूध की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका एवं व्यवहार परिवर्तन-** श्रीमती विवेका हैरिस (परियोजना अधिकारी, कवर्धा) ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका, मातृ परामर्श और व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) पर चर्चा की।

वैज्ञानिक महत्व एवं स्वास्थ्य देखभाल-डॉ. सलील मिश्रा (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य में स्तनपान का वैज्ञानिक महत्व, स्तनपान कराने की सही विधि तथा माताओं को आने वाली सामान्य समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग से शिशु रोग विशेषज्ञ, NRC प्रतिनिधि, एवं मितानिन बहनों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर एवं खुली चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सर्वधर्म सेवा संस्था ने पावर हाउस स्टेशन को भेंट की व्हीलचेयर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जनसेवा कार्यों के तहत पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई में जरूरतमंद यात्रियों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर प्रदान की गई। संस्था के सदस्यों ने व्हीलचेयर स्टेशन मास्टर तनवीर इमाम को सौंपते हुए इसे दिव्यांग, वृद्ध एवं असहाय यात्रियों की आवश्यकता के समय उपयोग में लेने का अनुरोध किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने वाले जरूरतमंद यात्रियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना और उनकी यात्रा को अधिक सुगम एवं सम्मानजनक बनाना है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से संस्था द्वारा इस तरह के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, वसंत सलंकर, रमेश प्रजापति, मुरली कृष्ण, मनमोहन सिंह, शेषादरी, वीरेंद्र द्विवेदी, प्रसाद, कमल कुमार भोई सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर विद्यार्थी ने बनाई नयनाभिराम पेंटिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 अगस्त।** प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा, उनकी संस्कृति के संरक्षण तथा समाज और मानवता में उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले इस दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी ने एक नयनाभिराम पेंटिंग का सृजन किया है। चित्रकार विद्यार्थी ने अपनी कलाकृति के माध्यम से आदिवासी जीवन, प्रकृति और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत स्वरूप देने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ की विश्व प्रसिद्ध घोटुल परंपरा के लुप्तप्राय होने के दौर में ऐसी कलाकृतियां आदिवासी संस्कृति और उसकी विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा सकती हैं। ज्ञात हो कि डी.एस. विद्यार्थी भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त हुए करीब 14 वर्ष हो चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे निरंतर अपनी सृजनशीलता में तल्लीन हैं। भारतीय अध्यात्म और दर्शन से प्रेरित उनकी कला में गीता के 700 श्लोकों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अनूठा प्रयास भी जारी है।

### नपा अध्यक्ष ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,8 अगस्त।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में चलाए जा रहे वार्ड भ्रमण अभियान के तहत नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से सीधे संवाद कर मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित प्रभारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों का धरातल पर कितना प्रभाव पड़ा है और इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है या नहीं, इसकी वास्तविक स्थिति जानने के लिए वार्डवार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता के सुझाव एवं समस्याओं को ध्यान में रखकर आगे विकास कार्यों को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जामुल क्षेत्र के सभी वार्डवासियों से अपील की कि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर नगर पालिका को तत्काल अवगत कराएं, ताकि उसका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जा सके। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, उप अभियंता सचिन भागवत, जल कार्य प्रभारी दयालु जंघेल, विद्युत प्रभारी रवि चौहान, सफाई प्रभारी बशीर खान एवं वार्ड नोडल प्रभारी मेघनाथ सोनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गांजा बेचते महिला गिरफ्तार

**भिलाई, 8 अगस्त।** भिलाई खुर्सीपार थाना पुलिस ने गांजा की अवैध बिक्री के मामले में लंबे समय से फरार महिला आरोपी सविता देवार को गिरफ्तार कर लिया खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि देवार बस्ती में छापेमारी के दौरान हीरा सिंह को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था जब कि उसकी सहयोगी सविता देवार फरार हो गई थी लगातार तलाश के बाद उसे पकड़ लिया गया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) और 27 (ए) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



# स्कूली विद्यार्थियों ने सैनिकों के लिए बनाईं 2500 राखियां



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र-0.4, 2026 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने करीब 2500 रक्षा सूत्र (राखियां) तैयार कर सैनिकों को समर्पित किए। विद्यार्थियों ने श्रद्धा और स्नेह से तैयार की गई राखियों के साथ सैनिकों के तिलक के लिए पवित्र मिट्टी तथा उनके नाम सम्मान एवं शुभकामनाओं से भरे संदेश-पत्र भी तैयार किए। इन सभी सामग्रियों को देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 5 अगस्त को स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में घड़ी चौक, सुपेला में आयोजित कार्यक्रम में संग्रहण समूह को ससम्मान सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई पिछले चार वर्षों से लगातार इस अभियान के माध्यम से रक्षा सूत्र देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक भेज रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम जिला मुख्य आयुक्त, स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, भिलाई एवं महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में स्काउट्स, गाइड्स और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 व 11 अगस्त को

**भिलाई, 8 अगस्त।** गायत्री शक्तिपीठ, कैंप-2 के मंदिर प्रांगण में भगवान शिव के शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 10 एवं 11 अगस्त को किया जाएगा। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के प्रथम दिन 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 11 अगस्त, मंगलवार को प्रातः 9 बजे से शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। महोत्सव में सांसद विजय बघेल, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, विधायक रिकेश सेन एवं देवेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने की अपील की है। उक्त जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी समयलाल साहू ने दी।

# 1.20 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का विधिसम्मत नष्टीकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 अगस्त।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में जब्त किए गए करीब 1.20 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का विधिसम्मत नष्टीकरण किया। न्यायालयीन एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति के समन्वय से यह कार्रवाई संपन्न की गई पुलिस के अनुसार, कुल 66 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों में 138.196 किलोग्राम गांजा, 114.56 ग्राम हेरोइन, 1,758 नशीली टेबलेट, 2,772 नशीले कैप्सूल और 837 नग नशीली दवाई के सीरप शामिल थे इनकी



अनुमानित कुल कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये बताई गई है छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग एवं नारकोटिक्स सेल, पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार गठित जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्टीकरण की कार्रवाई की गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों का नष्टीकरण भिलाई स्टील प्लांट के एसएमएस-03 प्लांट स्थित भस्मीकरण संयंत्र में किया गया, जबकि नशीली दवाओं के सीरप का नष्टीकरण नेवईभाठा क्षेत्र में निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया गया पूरी कार्रवाई के दौरान पर्यावरण विभाग एवं संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति लेकर सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों का पालन किया गया कार्रवाई के दौरान दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) शोभराज अग्रवाल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अशोक अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग ,8 अगस्त।** दुर्ग -रायपुर फोरलेन सड़क पर कुम्हारी थाना क्षेत्र में जंजगिरी के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिवा बारले पिता गोवर्धन बारले ( 20 साल ) रायपुर जिले के नंदनंदन समीप अटारी गांव का रहने वाला है। युवक पेशे से पार्सल वाहन चालक था। आज सुबह ही रायपुर से पार्सल वाहन लेकर चरोदा आया और चाय पीकर आने की बात कहकर दोस्त की मोटर साइकिल लेकर कुम्हारी की तरफ जाते समय हादसे का शिकार हो गया कुम्हारी पुलिस ने बताया कि घटना तड़के करीब 5 बजे की है, जहां एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर मेन लेन और सर्विस लेन के बीच लगे लोहे के खंभे से जा टकराई टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान शिवा बारले, पिता गोवर्धन बारले, निवासी नंदनंदन के पास ग्राम अटारी जिला रायपुर



के रूप में हुई है। शिवा पेशे से पार्सल वाहन चालक था। वह शनिवार तड़के रायपुर से पार्सल की गाड़ी लेकर चरोदा पहुंचा था चरोदा में गाड़ी खड़ी करने के बाद उसने अपने एक परिचित दोस्त से कहा कि वह चाय पीकर आने की बात कहकर उसकी पल्सर 150 मोटर साइकिल मांगा और कुम्हारी की ओर जा रहा था। बाद वह मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 सीटी 9223 लेकर जैसे ही वह जंजगिरी के पास पहुंचा, रफ्तार तेज होने के कारण वाहन से उसका नियंत्रण छूट गया और बाइक मेन लेन व सर्विस लेन को विभाजित करने के लिए लगाए गए लोहे के डिवाइडर खंभे से जोरदार तरीके से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही कुम्हारी थाने की पेट्रोलिंग टीम बिना देर किए मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल राहगीरों की मदद से स्थिति को संभाला और शव को अपने कब्जे में लिया आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेजा गया कुम्हारी थाने पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है तथा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### जिले में गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं दवाई की पर्याप्त उपलब्धता



**दुर्ग, 8 अगस्त ।** जिले में कुल 243 उर्वरक, 476 बीज, 18 कीटनाशक के नमूने प्रयोगशाला प्रेषित किये गये है जिसमें उर्वरक के 113 नमूने, बीज के 400 नमूने व कीटनाशक के 02 नमूने मानक तथा उर्वरक के 13 एवं बीज के 15 नमूने अमानक पाये गये है। वही उर्वरक के 117 नमूनों, बीज के 61 व कीटनाशक के 16 की रिपोर्ट आना शेष है। अमानक उर्वरको/बीज के भण्डारण एवं विक्रय हेतु संबंधित संस्था में भण्डारित उर्वरकों/बीज पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।उप संचालक कृषि श्री संदीप भोई से मिली जानकारी अनुसार विभाग द्वारा नकली एवं घटिया खाद-बीज की बिक्री को रोकने के लिये उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है जो निजी विक्रेताओं और समितियों की निरंतर जांच कर रही है, ताकि कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीज/उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। अब तक जिले के 154 निजी एवं सहकारी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। जांच के दौरान स्टॉक संधारण में गड़बड़ी, उर्वरक नियंत्रण संबंधी नियमों के उल्लंघन करने जैसी अनियमितताएं पाए जाने पर 09 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एवं 05 विक्रय केंद्रों पर उर्वरक अनुज्ञप्ति में अतिरिक्त स्त्रोत समावेश किये बिना विक्रय करते पाये जाने एवं 02 विक्रय केन्द्रों को अधिक मूल्य पर विक्रय किय।

# एक नजर

## इंटेक्स ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का किया विस्तार, कई नए उत्पाद लॉन्च

**रायपुर 8 अगस्त।** इंटेक्स टेक्नोलॉजीज ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए पंखे, वॉटर हीटर और स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज श्रेणी में कई नए उत्पाद पेश करने की घोषणा की है। कंपनी एयर कूलर्स के बाद अब डेकोरेटिव, ऊर्जा दक्ष BLDC, एग्जॉस्ट और TPW फैन के साथ स्टोरेज व इंस्टेंट वॉटर हीटर बाजार में उतारेगी। इसके अलावा आयरन, मिक्सर ग्राइंडर, जूसर मिक्सर ग्राइंडर, एयर फ्रायर, इलेक्ट्रिक केतली और कुकटॉप जैसे उत्पाद भी पोर्टफोलियो में शामिल किए जाएंगे। कंपनी के निदेशक केशव बंसल ने कहा कि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कारोबार में तेज वृद्धि के बाद होम अप्लायंसेज की नई श्रेणियों में विस्तार रणनीति का अगला कदम है। वित्त वर्ष 2025-26 में स्मार्ट टीवी, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन की मजबूत मांग के चलते कंपनी के कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कारोबार में सालाना आधार पर 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इंटेक्स का लक्ष्य अपने राष्ट्रव्यापी वितरण नेटवर्क, रिटेल साझेदारियों और आफ्टर-सेल्स सर्विस के जरिए खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाना और उपभोक्ताओं को एक ही ब्रांड के तहत किफायती व भरोसेमंद घरेलू उपकरण उपलब्ध कराना है।

## सिमगा महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

**सिमगा 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा



सिमगा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रुखमणि साहू ने आज सिमगा मंडल महिला मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नवगठित कार्यकारिणी में समस्त क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए कुल 13 पदाधिकारियों को स्थान दिया गया है, जिसमें 2 महामंत्री, 4 उपाध्यक्ष एवं 4 मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। श्रीमती साहू ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूती प्रदान करेगी और मंडल क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा, श्री अनिल पाण्डेय, श्री आनन्द यादव, श्री चंद्रमणि तिवारी, श्री छोटू यादव, श्री हेमन्त साहू, श्री सचिव जैन, श्री अभिजीत अवस्थी, श्री पिंटू चतुर्वेदी सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## सटोरिये पर पुलिस की कार्रवाई



**बलौदाबाजार 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अवैध जुआ, सट्टा और नशीले पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने तकनीकी एवं मुखबिर की सटीक सूचना पर मोबाइल व्हाट्सएप के जरिए ऑनलाइन सट्टा-पट्टी लिखने वाले शातिर सटोरिये को धर दबोचा है। सर्किट हाउस के पास मिली थी मुखबिर की सूचनाः दिनांक 06.08.2026 को दोपहर लगभग 12:15 बजे पुलिस गश्त टीम को मुखबिर से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि सर्किट हाउस बलौदाबाजार के पास लाल रंग की डिस्कवर मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति मोबाइल में अंकों पर नंबर लिखकर सट्टा-पट्टी खिला रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु गवाहों को साथ लेकर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर रेड कार्रवाई की गई। मौके पर मोटरसाइकिल पर बैठे व्यक्ति को घेरकर पकड़ा गया, जिसने अपना नाम भागवत साहू बताया। संदेही के मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न नंबरों से सट्टा-पट्टी के अंकों का लेन-देन और हिसाब-किताब पाया गया इसके बाद पुलिस द्वारा गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से आरोपी का यह कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 का उल्लंघन पाए जाने पर आरोपी भागवत साहू को विधिवत गिरफ्तार कर थाना सिटी कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया है।

## यातायात जागरूकता अभियान

**बलौदाबाजार 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा बच्चों व युवाओं में प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी व सतर्कता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 05.08.2026 को पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस टीम द्वारा ग्राम- विश्रामपुर , कौशलपुर में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम बच्चो को 1. सुरक्षा मानकः नाबालीग को वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय गुणवत्तापूर्ण हेलमेट पहनना और कार/चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। 2. सुरक्षित ड्राइविंगः यातायात संकेतों का पालन करना, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठाना, खतरनाक स्टंटबाजी से बचना और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाना अति आवश्यक है। 3. तकनीकी निगरानीः नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ई-चालान एवं शहर में लगे आधुनिक सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से की जा रही सतत निगरानी के बारे में अवगत कराया गया।

# दावनबोड़ में सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

- अपने गांव को विवादमुक्त, अपराधमुक्त एवं सौहार्द्रपूर्ण बनाने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,8 अगस्त।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय बिलासपुर द्वारा संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा का चयन किया गया है। इस परियोजना के तहत जिले के चयनित ग्रामों में सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से छोटे-छोटे सामाजिक व पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सौहार्द्रपूर्ण समाधान करने की पहल की जा रही है। इसी




कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार श्रीमती विनीता वार्नर के निर्देशानुसार विकासखंड भाटापारा के ग्राम दावनबोड़ में शुक्रवार को सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के सचिव आलोक पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध मुक्त, विवाद मुक्त एवं सौहार्दपूर्ण गांव का निर्माण प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। सामुदायिक मध्यस्थता सामाजिक एकता, आपसी विश्वास एवं शांति स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से कानून का सम्मान करते हुए सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा अपने गांव को अपराध एवं विवाद मुक्त बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में लगभग 80 से 100 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सामुदायिक मध्यस्थता अभियान से जुड़कर अपने गांव को विवादमुक्त, अपराधमुक्त एवं सौहार्दपूर्ण बनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग, भाईचारे एवं संवाद के माध्यम से छोटे-छोटे विवादों का स्थानीय स्तर पर शांतिपूर्ण समाधान करने की सहमति व्यक्त की।

शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, सामुदायिक मध्यस्थता, मध्यस्थता की प्रक्रिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत ग्राम दावनबोड़ से चयनित सामुदायिक मध्यस्थों विष्णु प्रसाद वर्मा एवं गीता वर्मा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें उच्च न्यायालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

# नक्शा-बटांकन में लापरवाही पर कलेक्टर नाराज, पटवारी को नोटिस के निर्देश

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा स्थित पटवारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, स्वामित्व योजना सहित अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्राम सुंदरा पटवारी हल्का में नक्शा बटांकन की 54 प्रतिशत प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा आगामी एक सप्ताह में नक्शा बटांकन की प्रगति 75 प्रतिशत तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं बटवारा प्रकरणों का अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण करने के साथ ही किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा। स्वामित्व योजना के तहत लंबित कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर - कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सुंदरा के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत स्तर पर ग्रामीणों के बीच शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ बिजली बिल में बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है। ग्रामीणों को योजना के लाभों की जानकारी देने के लिए चौपाल आयोजित कर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का पंजीयन कराकर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास के अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश - लेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की। ग्राम सुंदरा में योजना के तहत स्वीकृत 48 आवासों में से 32 आवास पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने शेष अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई - कलेक्टर द्वारा जनसामान्य से जुड़े राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए लगातार तहसीलों एवं पटवारी कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम सुंदरा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान चलाकर लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों एवं किसानों से जुड़े राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोई भी किसान एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को पंजीयन कार्य की सतत निगरानी करते हुए शत-प्रतिशत किसानों को पोर्टल से जोडने् के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम श्री गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# तिल्दा-नेवरा विकास में आखिर क्यों पिछड़ रहा है?

- नेताओं से ज्यादा ठेकेदारों का दबदबा! सत्ता बदली, सिस्टम नहीं बदला
- कांग्रेस हो या भाजपा– ठेका संस्कृति के आरोपों पर कौन लगाएगा लगाम? जनता पूछ रही है- विकास जरूरी है या ठेकेदारों का हित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 8 अगस्त।** तिल्दा-नेवरा विकास की दौड़ में आखिर पीछे क्यों छूटता जा रहा है? यह सवाल अब केवल राजनीतिक बहस का विषय नहीं, बल्कि नगर और ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिकों की चिंता बनता जा रहा है। सरकार कांग्रेस की हो या भाजपा की, सत्ता बदलने के साथ चेहरे जरूर बदलते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर ठेकेदारी और राजनीतिक प्रभाव के गठजोड़ को लेकर उठने वाले सवाल खत्म नहीं होते। आरोप लगते रहे हैं कि विकास की प्राथमिकताओं से ज्यादा महत्व इस बात को मिलने लगता है कि निर्माण कार्य का ठेका किसे मिला।

नगर में सड़क, नाली, भवन और अन्य निर्माण कार्यों पर सरकारी राशि खर्च होती है। लेकिन सवाल यह है कि इन कार्यों की गुणवत्ता और दीर्घकालिक उपयोगिता की निगरानी कितनी गंभीरता से होती है?

कई स्थानों पर नागरिकों की शिकायत रहती है कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए निर्माण कार्य कुछ वर्षों में ही जर्जर नजर आने लगते हैं। यदि ऐसा है तो जिम्मेदारी किसकी है? निर्माण एजेंसी की, ठेकेदार की, तकनीकी अधिकारियों की या उस व्यवस्था की जो काम पूरा होने के बाद उसकी गुणवत्ता पर प्रभावी निगरानी नहीं रखती? सरकारी पैसा जनता का है, लेकिन जवाबदेही भी जनता के प्रति ही होनी चाहिए।

तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के गांवों से लेकर नगर तक निर्माण कार्यों में ठेकेदारों की भूमिका स्वाभाविक है, लेकिन जब ठेकेदार राजनीतिक प्रभाव का केंद्र बनने लगें और जनप्रतिनिधियों से ज्यादा उनकी चर्चा होने लगे, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

राजनीति का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, न कि निर्माण कार्यों के इर्द-गिर्द प्रभाव का विस्तार।

सड़कें टूटती हैं, नालियां खराब होती हैं, निर्माण कार्यों में खामियां सामने आती हैं–लेकिन कई बार सवाल उठता है कि दोषी कौन है और कार्रवाई क्या हुई?

यदि किसी निर्माण में तकनीकी कमी है तो उसकी जांच होनी चाहिए। यदि ठेकेदार जिम्मेदार है तो जवाबदेही तय होनी चाहिए। यदि निगरानी में लापरवाही हुई है तो संबंधित अधिकारियों से भी सवाल होना चाहिए।

सिर्फउद्घाटन और शिलान्यास से विकास नहीं होता। विकास की असली परीक्षा निर्माण की गुणवत्ता और जनता को मिलने वाली सुविधा से होती है।

तिल्दा-नेवरा को केवल सड़क, नाली और भवनों के निर्माण तक सीमित विकास की जरूरत नहीं है। नगर को भविष्य की जरूरतों के अनुसार योजना, बेहतर यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, जल व्यवस्था, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर गंभीर सोच की आवश्यकता है।

दुर्भाग्य यह है कि नगर के विकास की दीर्घकालीन सोच रखने वाले नागरिकों की आवाज कई बार राजनीतिक शोर में दब जाती है। जो सवाल पूछना चाहते हैं, वे चुप हैं और जो व्यवस्था से लाभ लेने की स्थिति में हैं, उनका प्रभाव ज्यादा दिखाई देता है।

तिल्दा-नेवरा के नागरिकों को अब दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूछना होगा– काम की लागत कितनी थी? काम की गुणवत्ता कैसी है? काम कितने वर्षों तक टिकना चाहिए? जिम्मेदार कौन है? खराब निर्माण पर कार्रवाई कब होगी? और सबसे बड़ा सवाल–नगर की विकास की प्राथमिकताएं कौन तय कर रहा है? तिल्दा-नेवरा को ठेकेदारों के प्रभाव की राजनीति नहीं, बल्कि पारदर्शी व्यवस्था और जनहित आधारित विकास मॉडल चाहिए। सत्ता किसी की भी हो, सवाल एक ही रहना चाहिए– ठेका किसे मिला से ज्यादा महत्वपूर्ण है ÷जनता को क्या मिला? यही सवाल तिल्दा-नेवरा के भविष्य की दिशा तय कर सकता है।

# मानवता की मिसाल बना रक्तदान शिविर, रायपुर–नागपुर में 76 यूनिट रक्त एकत्र

**रायपुर 8 अगस्त।** सामाजिक सेवा और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए गोदरेज ब्रांच ऑफिस एवं डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर, रायपुर व नागपुर द्वारा इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं बिलासा ग्रुप के सहयोग से दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गोदरेज के कर्मचारियों, डीलर्स, वेंडर्स एवं सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। रायपुर और नागपुर में आयोजित शिविर के दौरान कुल 76 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर का शुभारंभ धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता अनुज शर्मा ने किया। उन्होंने गोदरेज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मूल्य आधारित सोच रखने वाली कंपनी द्वारा पिछले 15 वर्षों से लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं, जो सराहनीय है।



उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे कार्य समाज में जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन बचाने का माध्यम बनते हैं और ऐसे प्रयासों में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। विधायक अनुज शर्मा ने गोदरेज के साथ इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं बिलासा ग्रुप के सहयोग की भी सराहना की। उन्होंने भविष्य में गोदरेज द्वारा आयोजित किए जाने वाले सामाजिक कार्यों में हरसंभव सहयोग एवं सहभागिता का आश्वासन दिया। गोदरेज प्रबंधन ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, बिलासा ग्रुप, रक्तदाताओं, कर्मचारियों एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने कहा कि विधायक अनुज शर्मा ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर आयोजन में सहभागिता की, जिससे रक्तदाताओं और आयोजन से जुड़े लोगों का उत्साह बढ़ा। गोदरेज प्रबंधन ने भविष्य में भी सामाजिक हित से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग ने बदली महिला किसान की तकदीर

**रायपुर, 8 अगस्त।** कभी खेती को केवल गुजर-बसर का साधन मानने वाले छोटे और सीमांत किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीक आज नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। कोरबा जिले के विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पतरापाली की महिला किसान श्रीमती राजश्री मार्को ने वैज्ञानिक खेती और आधुनिक तकनीक को अपनाकर यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों और कम भूमि में भी बेहतर उत्पादन लेकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सकता है। श्रीमती राजश्री मार्को ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और वर्ष 2024-25 में 1.20 हेक्टेयर क्षेत्र में हाइब्रिड टमाटर की खेती आधुनिक तकनीक से शुरू की। उन्होंने खेत में ड्रिप (टपक) सिंचाई प्रणाली और मल्चिंग शीट का उपयोग किया।

# बछेरा में प्रस्तावित राइस मिल का ग्रामीणों ने किया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 8 अगस्त।** विकासखंड सिमगा के ग्राम बछेरा में प्रस्तावित दो राइस मिलों की स्थापना का विरोध करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक श्री इंद्र साव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि श्री सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री रिंकू भाटिया के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सिमगा को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को तत्काल निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बछेरा द्वारा दो राइस मिलों की स्थापना के लिए NOC जारी किया गया है, जबकि इस संबंध में ग्रामसभा की विधिवत बैठक आयोजित नहीं की गई और न ही पंचायत प्रस्ताव की आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया गया। उनका आरोप है कि बिना ग्रामीणों की सहमति और नियमों का पालन किए यह अनुमति प्रदान की गई है।



ग्रामीणों ने बताया कि राइस मिल निर्माण के लिए कृषि भूमि की पटाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे सिंचाई नहर प्रभावित होने की आशंका है। यदि नहर बाधित हुई तो लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पाएगा, जिससे सैकड़ों किसानों की खेती प्रभावित होगी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि राइस मिल स्थापित होने से गांव का शांतिपूर्ण वातावरण प्रभावित हो सकता है तथा भविष्य में विवाद और कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर ग्राम पंचायत द्वारा जारी NOC को तत्काल निरस्त करने तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। विधायक इंद्र साव ने कहा कि किसानों के हितों और गांव की मूलभूत सुविधाओं से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि नियमों की अनदेखी कर अनुमति दी गई है तो उसे निरस्त कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कहा कि ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी विकास कार्य को आगे बढ़ाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और पंचायत राज की भावना के विपरीत है। किसानों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों की भावनाओं और उनके न्यायोचित अधिकारों के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर ग्रामीणों की मांगों पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए, अन्यथा व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य सुरेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री विक्की मानिकपुरी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यश शर्मा, विक्की पाण्डे,दिनेश साहू,प्रभु साहू,संतोष, फेकन साहू, रविशंकर ध्रुव, जित्तु भट्ट, महेश गोस्वामी, खिलेश्वर साहू, श्यामसुंदर, टेकराम, देव चरण, लेखराज, बिहारी, गंगाधर ,जागेश्वर,पलटन, पिलूराम, सदाराम,मंत्रराम, समीर एवं अधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# यातायात पुलिस बलौदाबाजार ने ब्लैक स्पॉट में किए सुरक्षा के उपाय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं बरसात में दुर्घटनाओ को रोकने के ?लिए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खोमन सिन्हा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस बलौदाबाजार ब्लैक स्पॉट गिधौरी हसुवा नगर पंचायत कसडोल में बने डिवायडर में सुरक्षा उपकरण टिकली , रेडियम, स्टॉपर एवं संकेतक पटिका लगाया गया है, साथ ही डिवायडर में लगे सोलर लाईट एवं हाईमास्क लाईट की मरम्मत हेतु आवश्यक हिदायत दिया गया दिनांक 06-08-2026 को छांछी में हुये सडक दुर्घटना स्थल का तत्काल निरीक्षण कर सुधार कार्य कराया गया ,सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस का व्यापक अभियान लगातार जारी।

# काम वही अच्छा होता है जिसका असर बरसों रहे

राजनीति में परम लक्ष्य होता है चुनाव जीतना। कहने को कहा जाता है कि हम देश व जनता के लिए काम कर रहे हैं, उनके हित में काम कर रहे हैं लेकिन जो कुछ कहा जाता है,किया जाता है वह चुनाव जीतने के लिए किया जाता है। जो कुछ समय समय पर कहा जाता है,किया जाता है हर वर्ग के वोटरों को प्रभावित करने के लिए किया जाता है ताकि राजनीतिक दलों को उस वर्ग का वोट ज्यादा मिले। राजनीतिक दल सभी बड़े मतदाता वर्ग को प्रभावित करने कई तरह से कोशिश करते है और कोशिश तो वही अच्छी होती है जिससे मतदाता वर्ग प्रभावित होता है।मतदाता वर्ग जिससे ज्यादा प्रभावित होता है चुनाव में उसे वोट देता है ताकि वह उनके लिए पहले की तरह अच्छा काम करता रहे। यानी चुनाव में मतदाता अच्छा काम करने वाले को चुनता है इसलिए चुनता है कि उसने अच्छा काम किया है और भविष्य में भी अच्छा काम करे।

जंतर मंतर में जेन जी के आंदोलन से सभी राजनीतिक दलों को पता चला है कि देश का जेन जी देश में शिक्षा,परीक्षा,रोजगार को लेकर नाराज है।सारे राजनीतिक दल अपने अपने ढंग से उनसे संवाद करने,उनकी नाराजगी के कारणों को जानने,उसे दूर करने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि जेनजी भी एक बड़ा वोट बैंक है, एक बड़ा वोट बैंक आने वाले समय में बन सकता है।सब जानते हैं कि जेनजी उस पीढ़ी को कहते हैं जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए। 1997में पैदा होने वाले तो वोटर हैं और 2012 में पैदा होने वाले अगले चार साल में वोटर हो जाएंगे।वोटर और होने वाला वोटर नाराज हो जाए तो सबको चिंता होना जरूरी है क्योंकि वह भी तो राजनीतिक दलों की हार-जीत में अहम भूमिका निबाह सकता है। देश में सबसे बड़े व पुराने राजनीतिक दल तो दो ही हैं एक कांग्रेस है और एक भाजपा है।कांग्रेस आजादी के बाद बरसों सत्ता में रही है और 2014 के बाद अब केंद्र व कई राज्यों में सत्ता से बाहर है और वह फिर से सत्ता में आना चाहती है। भाजपा 2014 के बाद से केंद्र व कई राज्यों में सत्ता में है और आने वाले कई दशक तक सत्ता में रहना चाहती है। दोनो जेनजी को प्रभावित करने की कोशिश पिछले महीने से करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनो को कोशिश करने का तरीका अलग है। दोनो के तरीकों में जमीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस और राहुल गांधी का प्रयास है कि सरकार और गृहमंत्री को जेनजी के साथ बुरा व्यवहार करने वाले के तौर पर प्रचारित किया जाए।इसलिए उसका पूरा जोर इस बात पर है कि शांतिपूर्ण आंदोलन करने वालों को प्रताड़ित करने वाली सरकार है, गृहमंत्री है।कांग्रेस की कोशिश से जेनजी को वर्तमान में तो ऐसा लग तो सकता है कि सरकार ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया है लेकिन इसका असर ज्यादा दिन तक रहने वाला नहीं है। वहीं मोदी सरकार भी जेनजी संवाद कर एहसास कराने में सफल रही है,उसे पता है कि जेनजी क्या चाहती है और सरकार ने कुछ कर दिया है और कुछ आने वाले समय मे करने वाली है।जहां तक आंदोलन के दौरान पुलिस से मारपीट,तोड़फोड़,पथराव का सवाल है तो सरकार के साथ ही सुप्रीमकोर्ट ने साफ कर दिया है कि ऐसा जेनजी के साथ नहीं किया गया है, ऐसा तो असामाजिक तत्वों के साथ किया और आगे भी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी पैलेट गन चलाने के बड़ा मुद्दा बना रहे थे तो सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि पुलिस मौके के हिसाब से पैलेट गन भी चला सकती है। राहुल गांधी देश को बताना चाहते हैं कि जेनजी पर पैलेट गन चलाया गया है तो सरकार व सुप्रीम कोर्ट की तरफ से साफ कर दिया है कि इसका उपयोग हिंसा करने वालों को खिलाफ किया जाता है,किया गया है और आगे भी किया जाएगा। राहुल गांधी संसद के बाहर व भीतर दिल्ली के प्रदर्शनकारियों पर पैलेट चलाने के मामले में सवाल करते रहे हैं कि पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया है।वह पूरी कोशिश करते रहे कि गृहमंत्री अमित शाह को वह संसद में बयान देने के लिए मजबूर कर दें,इसके लिए वह कई दिनों से संसद नहीं चलने दे रहे हैं,मांग कर रहे हैं कि अमित शाह संसद में आकर बताएं कि पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया है। अमित शाह को राहुल गांधी संसद आने को मजबूर नहीं कर सके हैं। पुराने पुलिस अधिकारियों की तरफ से यह साफ कर दिया गया है कि प्रदर्शन के दौरान जो आदेश दिया जाता है वह एसडीएम देता है। उसके लिए गृहमंत्री को आदेश देने की जरूरत नहीं होती है। राहुल गांधी की कोशिश तब सफल होती जब अमित शाह संसद में आकर बयान देते।अमित शाह ने कुछ कहा नहीं है इसलिए राहुल गांधी जो चाहते थे वह हो नही पाया है।कुल मिलाकर राहुल गांधी ने जो किया है उसे जेनजी आने वाले समय में भूल जाएंगे लेकिन मोदी सरकार ने जो कानून बनाया है जो व्यवस्था करने वाली है उसे आने बरसों तक वह याद करेंगे।राहुल गांधी व मोदी में फर्क यह है कि राहुल गांधी जो कुछ करना चाहते है वर्तमान के लिए करते हैं और मोदी उसे बरसों के लिए करते हैं इसलिए राहुल गांधी की कोशिश को महीनों,बरसों बाद कोई याद नहीं करता है,मोदी की कोशिश बरसों याद की जाती है।

**विशेष लेख**

# ढाई साल की उपलब्धियाँ- छत्तीसगढ़ का श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान

छगन लाल लोन्हारे

पिछले ढाई साल में श्रम विभाग ने गढ़ी सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की मिसाल। छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक पहल की हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रमिक कल्याण को केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सुशासन, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार से जोड़ते हुए श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। वहीं श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में विभाग ने श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ तेज़ी और सरलता से पहुंचाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं।

### श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में हो रहा है सुधार

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, इन योजनाओ के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्य में संगठित, असंगठित और निर्माण श्रमिकों के हितों के संरक्षण के लिए विभिन्न श्रम कल्याण मंडलों के माध्यम से 67 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों के पंजीयन, सहायता और योजनाओं के लाभ को अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए श्रम विभाग ने नई यूजर-फ्रेंडली वेबसाइट https://shramevjayate.cg.gov.in/ श्रमेव जयते मोबाइल एप विकसित किया है, जिससे श्रमिक अब ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं।

### 'रोजगार सृजन के साथ श्रमिक अधिकार भी हो रहा है मजबूत'

ढाई वर्षों में श्रम विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था को भी मजबूत किया है। 5 नए जिलों (मोहला-मानपुर-अंबागढ़,चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, ,सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं सक्ती) में श्रम अधिकारी कार्यालय की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया है। वर्तमान में 10 जिलों के सहायक श्रमायुक्त कार्यालय तथा 23 जिलों में श्रम पदाधिकारी कार्यालय संचालित है। इस प्रकार राज्य के सभी 33 जिलों में श्रम कार्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर विभागीय क्षमता को भी बढ़ाया गया है। उद्योगों और श्रमिकों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में कई महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। दुकानों एवं स्थापना अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन, फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट, महिला श्रमिकों के लिए रात्रिकालीन कार्य की सुविधा, फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने जैसे अनेक निर्णयों ने रोजगार सृजन के साथ श्रमिक अधिकारों को भी मजबूत किया है।

### 'लगभग 17.82 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित'

श्रम विभाग की उपलब्धियों में सबसे उल्लेखनीय सफलता श्रमिक पंजीयन और हितलाभ वितरण रही है। 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2026 के बीच लगभग 12.65 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया। लगभग 17.82 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया, जिन पर लगभग 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की गई। निर्माण श्रमिकों को लगभग 780 करोड़ रुपये तथा असंगठित श्रमिकों को लगभग 187 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई। लाभ वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) प्रणाली लागू की गई है।




### 'मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित'

मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों की स्थापना श्रमिकों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है। मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 24 घंटे, सात दिन संचालित किया जा रहा है। संचालित राज्यभर में मोबाइल शिविर आयोजित कर लाखों श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण और आवेदन संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के श्रमिकों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ घर के समीप मिल रहा है। राज्य सरकार ने श्रमिक परिवारों के सामाजिक सुरक्षा कवच को भी मजबूत किया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत आवास सहायता राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की गई है। मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता, छात्रवृत्ति, श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है।

### '1.60 लाख से अधिक महिला श्रमिकों को मातृत्व सहायता'

महिला श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र की 1.60 लाख से अधिक महिला श्रमिकों को मातृत्व सहायता प्रदान की गई।

वहीं 'शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना' के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेधावी शिक्षा सहायता, निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग तथा छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। हजारों विद्यार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिला है, जिससे श्रमिक परिवारों के सपनों को नई उड़ान मिल रही है।

### 'छत्तीसगढ़ का श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान'

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का जो संकल्प लिया गया है, उसे श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में श्रम विभाग प्रभावी रूप से जमीन पर उतार रहा है। पारदर्शी व्यवस्था, तकनीकी नवाचार, त्वरित सेवा, सामाजिक सुरक्षा और श्रमिक सम्मान की भावना ने छत्तीसगढ़ को श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान दी है। ढाई वर्षों की यह यात्रा केवल योजनाओं और आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि लाखों श्रमिक परिवारों के जीवन में आए विश्वास, सुरक्षा और समृद्धि की नई शुरुआत है।

मेष आज आपके भीतर गजब की ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिलेगा। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसे पूरे जोश और लगन के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन प्राप्ति के नए अवसर सामने आ सकते हैं।

वृषभ आज आपका व्यक्तित्व हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगा। लोग आपकी बातों और व्यवहार से प्रभावित होंगे। जिस चीज़ की लंबे समय से आवश्यकता महसूस हो रही थी, उसके पूरे होने की संभावना है। समाज में आपका सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मिथुन आज खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखना जरूरी होगा, क्योंकि अनावश्यक खर्च आपकी चिंता बढ़ा सकते हैं। मन में किसी बात को लेकर बेचैनी बनी रह सकती है। प्रेम संबंधों में थोड़ी दूरी या गलतफहमी महसूस हो सकती है और संतान से जुड़ी कोई चिंता भी मन को परेशान कर सकती है।

कर्क आज आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और पुराने निवेश या पुराने कार्यों से भी अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। यदि यात्रा का योग बनता है तो वह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आर्थिक मामलों में मजबूती आएगी और मन में नए उत्साह का संचार होगा।

सिंह आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें राहत या सफलता मिलने के संकेत हैं। पिता या किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग आपके लिए बहुत लाभदायक साबित होगा। नौकरी, व्यवसाय और राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से अनुकूल रहेगा।

कन्या आज भाग्य पूरी तरह आपके साथ खड़ा दिखाई देगा। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और यदि यात्रा का अवसर मिले तो वह आपके लिए सफलता के नए द्वार खोल सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और हर काम में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना रहेगी।

तुला आज थोड़ा संभलकर चलने की आवश्यकता है। जल्दबाजी या लापरवाही आपको किसी परेशानी में डाल सकती है। वाहन चलाते समय और जोखिम वाले कार्य करते समय विशेष सावधानी रखें। किसी छोटी बात को लेकर तनाव भी हो सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

वृश्चिक आज रिश्तों के लिहाज से दिन बेहद सकारात्मक रहेगा। प्रेम संबंधों में गंभीरता बढ़ेगी और कई लोगों के रिश्ते विवाह की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। विवाहित लोगों का दांपत्य जीवन सुखद रहेगा और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु आज स्वास्थ्य के मामले में थोड़ी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। थकान या छोटी-मोटी शारीरिक परेशानी महसूस हो सकती है। विपरीत लिंग के लोगों के साथ बातचीत में संयम रखें, क्योंकि छोटी-सी बात भी गलतफहमी का कारण बन सकती है।

मकर आज का दिन विद्यार्थियों, कलाकारों, लेखकों, फिल्म, मीडिया और मनोरंजन से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी और आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभरकर आएगी।

कुंभ आज घर-परिवार से जुड़ी खुशियां मिलने की संभावना है। भूमि, भवन या वाहन खरीदने की योजना बना रहे हैं तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा और घरेलू वातावरण सुखद रहेगा।

मीन आज आपका साहस और आत्मविश्वास आपको सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। जिस काम में लंबे समय से मेहनत कर रहे थे, उसमें अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। भाई-बहनों और करीबी लोगों का सहयोग आपके लिए बड़ी ताकत बनेगा।

## सू- दोकू क्र.123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.122 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -123

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | 3 | | |
| | | 4 | | | | 5 | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | | 12 | | | | | |
| | | 13 | | 14 | | | | |
| | | 15 | | | | 16 | | |
| 17 | 18 | | | | 19 | | | |
| | | | | 20 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 122 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

# सशक्त बचपन, समृद्ध छत्तीसगढ़

डॉ. दानेश्वरी सम्भाकर, उप, संचालक

किसी भी राज्य की वास्तविक प्रगति उसके बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा से मापी जाती है। छत्तीसगढ़ ने इसी सोच को आधार बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी नीतियों और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सक्रिय नेतृत्व में प्रदेश में बच्चों के पोषण, संरक्षण और भविष्य निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। आईसीडीएस, मिशन वात्सल्य, पोषण अभियान और बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन ने राज्य को बाल विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। प्रदेश में 11 हजार 490 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम और आकर्षक बनाने का कार्य तेजी से जारी है। इन केंद्रों में बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड (BaLA) पेंटिंग, पोषण वाटिका, खेल एवं शिक्षण आधारित गतिविधियों जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे बच्चे सीखने के साथ आनंदमय वातावरण में विकसित हो सकें। मनरेगा अभिसरण के माध्यम से 2 हजार 337 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। वहीं पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 191 नए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा चुके हैं। नियद नेल्ला नार 2.0 के तहत 10 जिलों में 12 हजार 964 आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों तक सेवाएं पहुंचा रहे हैं।मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या 51 हजार 45 से बढ़कर 52 हजार 258 तथा सहायिकाओं की संख्या 44 हजार 826 से बढ़कर 51 हजार 548 हो गई है, जिससे सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार आया है।

**कुपोषण पर प्रभावी प्रहार-** छत्तीसगढ़ राज्य में बच्चों में कुपोषण कम करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पोषण ट्रैकर ऐप के आंकड़ों के अनुसार 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में स्टंटिंग में 7.82 प्रतिशत की कमी, वेट में 4.36 प्रतिशत की कमी, अंडरवेट में 2.76 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दिसंबर 2023 में जहां बौनापन की दर 30.27 प्रतिशत थी, वह जून 2026 तक घटकर 22.45 प्रतिशत रह गई। यह उपलब्धि पोषण प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग, सामुदायिक सहभागिता और आंगनबाड़ी आधारित सेवाओं के प्रभावी संचालन का परिणाम है।



**पोषण अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन-** राष्ट्रीय पोषण माह और पोषण पखवाड़ा के दौरान छत्तीसगढ़ ने देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य प्रति आंगनबाड़ी गतिविधियों में प्रथम स्थान पर रहा। अप्रैल 2025 के पोषण पखवाड़ा में भी छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रदेश में सितंबर-अक्टूबर 2025 के पोषण माह के दौरान 71 हजार 887 गतिविधियां और अप्रैल 2026 के पोषण पखवाड़ा में 34 लाख 93 हजार 474 गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही स्थानीय स्तर पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए रेडी टू ईट इकाइयों की स्थापना की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल शुरू हो चुकी है।

**मिशन वात्सल्य से बच्चों को सुरक्षा और संबल-**अनाथ, परित्यक्त और विशेष संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य प्रभावी सुरक्षा कवच बनकर उभरा है। राज्य में बाल देखरेख संस्थाओं की संख्या बढ़कर 109 हो गई है। मुख्यमंत्री बाल उदय योजना के माध्यम से सैकड़ों बच्चों को शिक्षा, देखभाल और पुनर्वास का लाभ मिला है। चाइल्ड हेल्पलाइन में प्राप्त 1 लाख 65 हजार 979 कॉलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारों मामलों का निराकरण किया गया। बाल संरक्षण सेवाओं के विस्तार का प्रभाव दत्तक ग्रहण और स्पॉन्सरशिप योजनाओं में भी स्पष्ट दिखाई देता है। दत्तक ग्रहण से लाभान्वित बच्चे 42 से बढ़कर 234 और स्पॉन्सरशिप से लाभान्वित बच्चे 767 से बढ़कर 2 हजार 37 हो गए हैं। यह वृद्धि बच्चों को पारिवारिक वातावरण और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर मजबूत कदम**-राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान ने सामाजिक जागरूकता और प्रशासनिक सक्रियता दोनों को नई दिशा दी है। बाल विवाह प्रतिरोध अधिकारियों की संख्या बढ़कर 1 हजार 382 हो गई है। इसके परिणामस्वरूप रोके गए बाल विवाहों की संख्या 109 से बढ़कर 888 तक पहुंच गई है। यह परिवर्तन केवल प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बेटियों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव का संकेत है।

**भविष्य की मजबूत नींव-** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में संचालित ये प्रयास छत्तीसगढ़ के लाखों बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षा, शिक्षित और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर कर रहे हैं। आधुनिक आंगनबाड़ी व्यवस्था, पोषण सुधार, बाल संरक्षण सेवाओं का विस्तार और बाल विवाह उन्मूलन जैसे बहुआयामी प्रयासों ने छत्तीसगढ़ को बाल विकास के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी और आदर्श राज्य के रूप में स्थापित किया है। सशक्त बचपन ही विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत नींव है और राज्य सरकार उसी नींव को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है।

## एक नजर

### विधायक एवं कलेक्टर ने बेवरती-मोहपुर सीसी रोड एवं पुलिया का लोकार्पण किया



**कांकेर 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम एवं कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज सुबह ग्राम बेवरती से मुनगाडीह-मोहपुर (2.5 कि.मी.) लंबी सी.सी. रोड एवं पुलिया का लोकार्पण किया। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के लगभग आधे दर्जन ग्रामों के ग्रामीणों को आवागमन एवं परिवहन की बेहतर सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि यह मार्ग वर्षों से जर्जर होने के कारण पुषवाड़ा, मोहपुर, व्यासकोंगेरा, सिंगारभाट सहित आसपास के अनेक गांवों के नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ था। विशेषकर बरसात के दिनों में आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता था। क्षेत्रवासियों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को प्राथमिकता देते हुए सी.सी. रोड एवं पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। इस दौरान विधायक श्री नेताम ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को अब सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को प्रतिदिन बड़ा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने प्राथमिक शाला नयापारा बेवरती का अवलोकन कर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से रूबरू होकर चर्चा की।

### उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश

**कांकेर 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत जिले के सभी महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक सस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्यो को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि मतदाता जागरूकता को बढ़ाने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से संस्थानों में गठित चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी एवं क्लब के सदस्यों के माध्यम से इस माह मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में महाविद्यालय में नियुक्त कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) की भी भागीदारी सुनिश्चित किया जावे।

### स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को

**कांकेर 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस दौड़ में जिला मुख्यालय के सभी स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी, खिलाड़ी, मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकार, गणमान्य नागरिक और आम जनता भाग ले सकेंगे। दौड़ का आयोजन शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय मार्ग, ऊपर-नीचे रोड, भारतीय स्टेट बैंक, गिल्ली चौक, पुराना बस स्टैंड तथा शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय के पास स्थित जय स्तंभ चौक से पुनः वापस पुराना बस स्टैंड, गिल्ली चौक, भारतीय स्टेट बैंक और ऊपर-नीचे रोड से होकर नरहरदेव स्कूल के खेल मैदान में दौड़ का समापन होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड कैडेट्स तथा एनएसएस के विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ में सुबह 07 बजे से पूर्व उपस्थित होने कहा गया है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर ईएलसी नोडल अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**दंतेवाड़ा, 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा के भू-तल स्थित शंकनी सभाकक्ष में ईएलसी (इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब) के नोडल अधिकारियों एवं तहसीलों के मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईएलसी कार्य योजना के विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन, युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने निर्देश दिए कि सभी महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से ईएलसी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा कार्यक्रम की तिथि की पूर्व सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं संबंधित बीएलओ को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने तथा छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

# शहर में लगातार बढ़ रही आवारा मवेशियों की समस्या: जगदीश नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 अगस्त।** शहर में लगातार बढ़ रही है आवारा मवेशियो की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के नरहरपुर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।जगदीश नेताम का कहना है कि शहर के प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और बाजारों में बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों के खुले घूमने से आम नागरिकों, वाहन चालकों और किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में मवेशियों को गोठानों में रखने, उनके समुचित रखरखाव की व्यवस्था करने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। घड़ी



चौक से ज्ञानी होटल चौक तक मवेशियों का जमावड़ा, दुर्घटनाओं का बढ़ा खतरा

आम आदमी पार्टी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कांकेर शहर के घड़ी चौक से लेकर ज्ञानी होटल चौक तक सहित कई प्रमुख मार्गों पर दिनभर मवेशियों के झुंड सड़क पर बैठे रहते हैं। इससे यातायात बाधित होता है और आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पार्टी का कहना है कि यह समस्या अब केवल शहर तक सीमित नहीं रही, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा मवेशियों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने भी कई बार इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में धान की फसल तैयार होने की स्थिति में है। ऐसे में खुले घूम रहे मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा बढ़ गया है। पार्टी का कहना है कि यदि समय रहते आवारा मवेशियों की व्यवस्था नहीं की गई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रशासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

नरहरपुर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नेताम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही नगर पालिका और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए सभी आवारा एवं बेसहारा मवेशियों को गोठानों में सुरक्षित रखा जाए। उनके चारा, पानी और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और किसानों की फसलें भी सुरक्षित रह सकें।

आम आदमी पार्टी ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो पार्टी व्यापक जनआंदोलन करेगी। पार्टी ने चेतावनी दी है कि आवारा मवेशियों को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करेगा, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

# कोसा की चमक अब वैश्विक बाजार तक

## मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया छत्तीसगढ़ का प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब'

**रायपुर 8 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय बुनकर सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प, खादी एवं माटीकला बोर्ड के विभिन्न हितग्राहियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को 10 करोड़ 90 लाख रुपये से अधिक की अनुदान एवं पुरस्कार राशि वितरित की। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा संघ के नए प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब' का शुभारंभ करते हुए उसके लोगो एवं कैटलॉग का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने हथकरघा इन्वेंट्री मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों, विशेषकर बुनकरों एवं शिल्पकारों को, राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त 1905 को प्रारंभ हुए स्वदेशी आंदोलन की स्मृति में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में इस दिवस को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का कोसा, बस्तर की बुनाई तथा प्रदेश के पारंपरिक हथकरघा उत्पाद देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के हथकरघा उत्पादों को 'लोकल टू ग्लोबल' की नई पहचान दिलाना है। इसके लिए आधुनिक डिज़ाइन, कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, विपणन तथा नए बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत किए गए अधिकांश वादों को राज्य सरकार ने पूरा किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि का भुगतान, भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना का पुनः संचालन सरकार की जनकल्याणकारी सोच का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के 50 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रभु



श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार-मुक्त शासन व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है। ई-ऑफिस व्यवस्था, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और घर बैठे शासकीय सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार बुनकरों एवं शिल्पकारों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में 469 आवासविहीन बुनकर परिवारों के लिए बुनकर शेड सह आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इसी अवधि में आयोजित 47 प्रदर्शनियों के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रुपये के हथकरघा उत्पादों की बिक्री हुई, जिससे बुनकरों को बेहतर बाजार उपलब्ध हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए पिछले ढाई वर्षों में 2,001 महिला स्व-सहायता समूहों को सिलाई पारिश्रमिक के रूप में 68 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पाँच विक्रय भंडारों तथा केंद्रीय वस्त्रागार के माध्यम से विभिन्न शासकीय विभागों को 93 करोड़ रुपये के वस्त्र उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त बुनकरों द्वारा निर्मित 436 करोड़ रुपये के वस्त्रों की शासकीय खरीदी कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार हथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में देश के पाँच प्रमुख हवाई अड्डों पर छत्तीसगढ़ के हैंडलूम एवं हस्तशिल्प उत्पादों के शोरूम स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, रायपुर में निर्माणाधीन यूनिटी मॉल स्थानीय उत्पादों को आधुनिक विपणन मंच उपलब्ध कराएगा।

उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में प्रदेश की पहली गारमेंट इकाई स्थापित की जा रही है, जिससे 4,500 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना से प्रदेश के युवाओं को डिजाइन एवं टेक्सटाइल क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और छत्तीसगढ़ का हैंडलूम उद्योग नई ऊँचाइयों तक पहुँचेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगभग 1 लाख 20 हजार परिवार हथकरघा एवं इससे संबंधित गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुरुआत किए जाने से इस क्षेत्र को नई पहचान और नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक हथकरघा उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हुए कहा कि बुनकरों की मेहनत, उनकी कला और हमारी समृद्ध परंपरा को जीवित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। ग्रामोद्योग मंत्री श्री गजेंद्र यादव ने कहा कि 7 अगस्त 1905 को प्रारंभ हुए स्वदेशी आंदोलन ने देश में आत्मनिर्भरता की अलख जगाई थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी का देशभर में विशिष्ट स्थान है और राज्य सरकार हथकरघा, हस्तशिल्प तथा ग्रामोद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बुनकरों, शिल्पकारों और स्थानीय उद्यमियों को नए अवसर उपलब्ध कराने तथा उनके उत्पादों को व्यापक बाजार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## देशभर में प्रारंभ हुआ 'मीडियेशन फॉर दि नेशन 3.0' अभियान, आपसी सहमति से विवादों का त्वरित समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 अगस्त।** उच्चतम न्यायालय की 'मीडियेशन एवं कॉन्सिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी के निर्देशन में 01 अगस्त, 2026 से 31 दिसम्बर, 2026 तक पूरे देश में मीडिएशन फॉर दि नेशन 3.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन (वाद दायर होने से पूर्व) विवादों का मध्यस्थता (मीडिएशन) के माध्यम से आपसी सहमति से त्वरित, सरल एवं सौहार्द्रपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।

मीडिएशन ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दोनों पक्ष प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से बैठकर अपनी सहमति से विवाद का समाधान करते हैं। इससे न्यायालय के लंबे समय, अनावश्यक खर्च और मानसिक तनाव से राहत मिलती है तथा आपसी रिश्ते भी बने रहते हैं। अभियान के अंतर्गत पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, चेक बाउंस, बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना दावा, व्यावसायिक विवाद सहित अन्य राजीनामा योग्य लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का समाधान मीडिएशन के माध्यम से किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नागरिकों से अपील है की गई है कि यदि उनका कोई मामला न्यायालय में लंबित है या ऐसा कोई विवाद है जिसे आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है, तो वे इस अभियान का लाभ उठाएं। इच्छुक पक्षकार अपने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समिति अथवा मध्यस्थता केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग मीडिएशन की प्रक्रिया को समझें और इसका लाभ लेकर अपने विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया जा सके।

## प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,8 अगस्त।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला पंचायत दंतेवाड़ा द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में चयनित शीर्ष प्राथमिकता की 30 ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं स्वच्छता ग्राहियों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री एम भार्गव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सक्रिय और प्रभावी बनाने, ग्राम पंचायत स्तर पर का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा सरपंच एवं सचिवों की नेतृत्वकारी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया।

प्रशिक्षण के प्रारंभ में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) दंतेवाड़ा के जिला सलाहकार ने प्रशिक्षण के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा सतत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। तकनीकी सत्रों का संचालन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) छत्तीसगढ़ की राज्य सलाहकार श्रीमती मधुरिमा महेंद्र गिरी द्वारा किया गया। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रमुख प्रावधानों, ग्राम पंचायतों की वैधानिक भूमिका एवं दायित्व, स्त्रोत स्तर पर चार प्रकार के कचरे के पृथक्करण, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज) निर्धारण, ग्राम पंचायत उपविधियों के निर्माण तथा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम सोनी ने वृद्धजनों के बीच मनाया जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 08 अगस्त।** दंतेवाड़ा भाजपा के ओबीसी मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओम सोनी ने 07 अगस्त को अपना 45वां जन्मदिन बड़े ही सादगीपूर्ण तरीके से हारम स्थित वृद्धाश्रम पहुंच वृद्धजनों के बीच मनाया। शुक्रवार शाम ओम सोनी अपने शुभचिंतक मित्र विशाल जैन, संतोष साहू, भगत जी, रजत मानिकपुरी, गुंजन शर्मा, संतराम निर्मलकर, तुलसी ठाकुर, राजकुमार, राजेश यादव व संतोष सिंह के साथ हारम स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे जहां गायत्री मंदिर के पुजारी फगुआ राम भगत जी के सानिध्य में दीप यज्ञ के माध्यम से श्री सोनी के जन्मदिन संस्कार मनाया गया। भगत जी ने श्री सोनी के हाथों दीपक प्रज्वलित



करवाकर, धूप बत्ती जलवाकर सभी देवताओं का आहवान एवं मंत्रोत्रच्चार कर अंत में 5 बार गायत्री मंत्र का जाप करवाया जिसके उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने श्री सोनी को उनके जन्मदिन पर दीघार्यु एवं सुखी जीवन की कामना करते उन्हें शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनों ने भी श्री सोनी को तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाकर उन्हें अपना आर्शीवाद दिया। श्री सोनी ने भी वृद्धजनों का चरण स्पर्श कर उनका आर्शीवाद लिया। इस मौके पर सभी लोगों को जलपान करवाया गया। अपने जन्मदिन के खुशी के अवसर पर ओम सोनी ने आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों को उपहार स्वरूप वस्त्र भी दान किया।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा,८ अगस्त।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले की विविध स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनपान के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्म के 6 माह तक अनिवार्य रूप से स्तनपान को बढ़ावा देते हुए माता को इस संबंध में विविध प्रकार की अनिवार्य जानकारी दी गई। सप्ताह के अंतिम दिन जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा सभागार कक्ष में बड़े तौर पर कार्यक्रम का आयोजन कियागया। जिसमें शासकीय जी एन एम प्रशिक्षण केंद्र दंतेवाड़ा के छात्राओं द्वारा एक नाटक रूपांतरण कहानी प्रस्तुत की गई। जिसमें नियमित रूप से स्तनपान का संदेश दिया गया।

# कांकेर विधायक एवं कलेक्टर ने किया पर्यटन स्थलों का निरीक्षण

■ **जिले के पर्यटन क्षेत्रों में सैलानियों को प्रोत्साहित करने किया जाएगा सुविधाओं का विस्तार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 8 अगस्त।** जिले के पर्यटन क्षेत्रों में सैलानियों को प्रोत्साहित करने के लिए विधायक श्री आशाराम नेताम एवं कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज कांकेर विकासखण्ड के मलांजकुडूम जलप्रपात व हाल ही नए पर्यटन केन्द्र के रूप में चिन्हित किए गए धारपारूम का अवलोकन व निरीक्षण किया। विधायक एवं कलेक्टर ने नैसर्गिक खूबसूरती से परिपूर्ण कांकेर जिले में पर्यटन की नवीन संभावनाओं तथा सुविधाजनक व आकर्षक बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक श्री नेताम एवं कलेक्टर श्री क्षीरसागर आज दोपहर को कांकेर जिले के विख्यात जलप्रपात मलांजकुडूम पहुंचे जहां पर उन्होंने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मौके



पर अवलोकन करते हुए पुराने रोपवे को डिस्मेंटल कराने के निर्देश वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ के तहत वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित ईको पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मलांजकुडूम को बेहतर ढंग से विकसित करने के साथ-साथ मोटल एवं होम स्टे जैसी जरूरी सुविधाओं से लैस करने की बात कही। अनुविभागीय अधिकारी वन ने बताया कि मलांजकुण्डूम जलप्रपात को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए वनमण्डलाधिकारी द्वारा 1.16 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, जिसमें व्यू पाइंट, सीटिंग बेंच, शेड, सीडी मरम्मत, सेफ्टी रेलिंग, लॉन डेवलपमेंट, प्रतीक्षालय शेड, बैम्बू राफ्टिंग, मुरूम फिलिंग, सीटिंग वॉल, सामुदायिक भवन मरम्मत, चैक डेम रिनोवेशन, सीसी रोड़, वाटर कूलर, पार्किंग समतलीकरण आदि शामिल हैं। कलेक्टर ने पर्यटन क्षेत्र में विशेष तौर पर पुख्ता सुरक्षा का इंतजाम करने एवं स्वच्छता बरतते हुए फ्री प्लास्टिक जोन के तौर पर विकसित करने के भी निर्देश दिए।

इसके पश्चात विधायक एवं कलेक्टर ने जिले में नवीन पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे ग्राम कानागांव, मर्रापी तथा गुमझीर की पहाड़ियों पर स्थित धारपारूम का अवलोकन किया। पहली बार धारपारूम की पहाड़ियों में पहुंचे विधायक ने इसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र टाटामारी से भी अधिक अप्रतिम प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण हैं तथा यह भविष्य में निश्चित तौर पर देश ही विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने सबसे पहले सुरक्षा उपायों के तहत रेलिंग लगवाने तथा पॉलिथिन मुक्त क्षेत्र के तौर पर विकसित करने की बात कलेक्टर ने कही। उल्लेखनीय है कि तीन ओर से पहाड़ियों से घिरा प्राचीन चट्टानों की मोटी परतों से युक्त धारपारूम बेहद आकर्षक पर्यटन केन्द्र है। जहां नवाचार की असीम संभावनाएं हैं। कलेक्टर ने इस क्षेत्र को प्रदेश के श्रेष्ठ पर्यटन केन्द्रों में शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास करने तथा स्थानीय युवाओं को पर्यटन के जरिए रोजगार से जोड़ने की बात कही। विधायक एवं कलेक्टर ने इस मौके पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दसपुर के बवासीर विशेषज्ञ तोरण जी की सभी लोग कर रहे है तारीफ, साझा किये अनुभव

**कांकेर 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यदि आप बवासीर बीमारी से परेशान हैं और इसका कई जगह उपचार कराकर निराश हो चुके हैं तो अब आपको परेशान होने की कतई जरूरत नहीं है।



कांकेर शहर से लगे ग्राम दसपुर में बवासीर के सैकड़ो मरीज अपना इलाज करवा ठीक हो चुके है, वे अपने मरीजों को ऐसी क्या दवा देते है कि बवासीर विशेषज्ञ की तहसीलदार, टीआई, फिल्मी हीरो भी तारीफ करते नहीं थक रहे। उपचार के बाद स्वस्थ हुए पूर्व तहसीलदार, पूर्व टीआई, राज्य पाल पुरस्कृत प्राचार्य व पत्रकार ने भी पत्रकारों से अपना अनुभव साझा किया है। इलाज करवा कर ठीक हुए शा. उ. मा. विद्यालय लखनपुरी के पूर्व प्राचार्य राज्यपाल पुरस्कृत फूलसिंह गंगेश ने बताया कि दसपुर में केवल दवा से इलाज किया जाता है।

ऑपरेशन करवाने की जरूरत ही नहीं पड़ती है। एकता नगर कांकेर निवासी पूर्व तहसीलदार एस एल सीवाना ने चर्चा में बताया कि मुझे दस वर्षो से बवासीर था इलाज करवा करवा कर थक गया था, फिर भी ठीक नहीं हो रहा था मुझे दसपुर वाले बवासीर विशेषज्ञ तोरण जी से मैं भी इलाज करवाया। दस साल की पूराना बिमारी सिर्फआठ दिन में ठीक हुई। ऐसे शर्तिया इलाज करने वाले को मैं कभी भी भूल नहीं सकता। कांकेर निवासी पूर्व टीआई सूर्यवंशी ने बताया कि उन्होने अपने पत्नी श्रीमती सुर्यवंशी का इलाज 2017 में कराया था फिर उसको कभी भी यह बीमारी दोबारा नहीं हुई।, कोण्डागांव जिले के ग्राम छिन्दली (बहीगांव) के सरपंच जेठूराम मरकाम ने बताया कि दसपुर कांकेर से लगा हुआ है। जहां मरीजों को भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ती। दसपुर गांव कांकेर जिला मुख्यालय से पूर्व की ओर दुधावा मार्ग में 5 किमी दूरी पर स्थित है। जहां सिर्फ 10 से 20 मिनट में बवासीर का इलाज किया जाता है। इलाज करवाने के बाद मरीज तुरंत घर जा सकते हैं। इलाज के बाद मरीज सुखी सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के सम्मान में मुख्यमंत्री की ऐतिहासिक घोषणाओं पर मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर ने जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 अगस्त।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणाओं का सर्वत्र स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में भाटापारा की रविदास समाज की गौरवशाली नारी शक्ति एवं सुप्रसिद्ध भजन गायिका मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सम्मान में लिए गए निर्णय समाज के आत्मसम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने अपने जीवन और



वाणी से समानता, प्रेम, भक्ति, श्रम, सेवा और सामाजिक न्याय का ऐसा संदेश दिया, जो आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार सदियों से समाज को जोड़ने का कार्य करते आए हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी समानता एवं भाईचारे का मार्ग दिखाते रहेंगे। मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना, उनके नाम से राज्य अलंकरण पुरस्कार प्रारंभ करने की घोषणा, नवा रायपुर के प्रमुख चौक का नामकरण तथा सामाजिक समरसता को समर्पित कलश वंदन अभियान जैसे निर्णय संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के प्रति सरकार की श्रद्धा और सम्मान को दर्शाते हैं।उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है। जब समाज को एकता, सद्भाव और सामाजिक समरसता की आवश्यकता है, तब संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के विचार पूरे देश को जोड़ने की शक्ति रखते हैं। उनका प्रसिद्ध संदेश ÷मन चंगा तो कठौती में गंगा÷ केवल आध्यात्मिक शिक्षा नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, सरलता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के विचारों को केवल पढ़े ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में भी आत्मसात करे।इस अवसर पर मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर के पति संतोष भांडेकर, जो संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के परम भक्त हैं, ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह संपूर्ण रविदास समाज के लिए अत्यंत गर्व, सम्मान और गौरव का विषय है।

उन्होंने आगे कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समरसता, समानता, श्रम, भक्ति और मानवता का जो संदेश दिया, वही आज भी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। मातेश्री सुमित्रा देवी भांडेकर एवं संतोष भांडेकर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सम्मान में की गई ये घोषणाएं आने वाले वर्षों तक समाज को प्रेरित करती रहेंगी और इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होंगी।

# 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**रायगढ़, 8 अगस्त।** देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में 9 से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा अभियान के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया गया है।

यह अभियान 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, वंदे मातरम थीम पर आधारित होगा। अभियान के दौरान जिले के नागरिकों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक एवं व्यक्तिगत गायन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करना है।

अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर नागरिकों को तिरंगा उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न देशभक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संबंधित विभागों एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान होने वाली गतिविधियों की सतत निगरानी भी की जाएगी।संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में तिरंगा वितरण, जनभागीदारी तथा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर विशेष जोर रहेगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अभियान से जुड़ सकें।

## एक नजर

### 15 अगस्त पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में होगा उल्लास महाचौपाल का आयोजन

**रायगढ़, 8 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त 2026 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में उल्लास महा-चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में यह आयोजन उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार किया जा रहा है।उल्लास कार्यक्रम का मूल मंत्र जन-जन साक्षर और कर्तव्य बोध है। इसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के उन वयस्कों को साक्षर बनाना है, जो किसी कारणवश औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को साक्षरता के उत्सव के रूप में मनाते हुए आजादी के जश्न को जन-जागरूकता और शिक्षा से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जाएगा।राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में उल्लास महा-चौपाल के लिए व्यापक स्तर पर वातावरण निर्माण किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम प्रभारी के नेतृत्व में महा-चौपाल, जागरूकता गतिविधियों तथा उल्लास साक्षरता कक्षाओं के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी जनपद एवं ग्राम पंचायतों में साक्षरता विषयक नारा लेखन का कार्य भी कराया जा रहा है।स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को सरपंच एवं ग्राम प्रभारी के नेतृत्व में गांवों में उल्लास साक्षरता मोबाइल टॉर्च रैली, मशाल रैली और प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में युवक-युवतियों, महिलाओं, पुरुषों तथा बुजुर्गों की सहभागिता सुनिश्चित कर साक्षरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### 14 अगस्त को मनाया जाएगा भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस

**रायगढ़, 7 अगस्त।** भारत विभाजन के दौरान हुई त्रासदी और उससे प्रभावित लाखों लोगों के संघर्ष, साहस एवं बलिदान को स्मरण करने के उद्देश्य से 14 अगस्त 2026 को 'भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस' मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में रायगढ़ जिले में भी इस अवसर पर विभिन्न स्मृति एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के सुचारू संचालन एवं निगरानी के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया गया है।

भारत विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस का प्रमुख उद्देश्य विशेष रूप से युवा पीढ़ी को भारत विभाजन की दुखद वास्तविकताओं से अवगत कराना तथा विभाजन से प्रभावित लाखों लोगों के साहस, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से विभाजन के दौरान प्रभावित लोगों की पीड़ा एवं संघर्ष को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी को इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय से परिचित कराया जाएगा।संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में स्थानीय स्तर पर विभिन्न स्मृति एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं को भारत विभाजन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं एवं उसके सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे को भारत विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।नोडल अधिकारी कार्यक्रमों के आयोजन, समन्वय एवं निगरानी का कार्य करेंगे, जबकि सहायक नोडल अधिकारी आवश्यक सहयोग एवं समन्वय सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

### जिले में 602.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 8 अगस्त।** रायगढ़ जिले में 7 अगस्त तक 602.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 23.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 757.7 मिली मीटर, पुसौर में 651.7, खरसिया में 545.3, घरघोड़ा में 408.3, तमनार में 822.4, लैलूंगा में 506.8, मुकडेगा में 463.5, धरमजयगढ़ में 403.9, छाल में 688.4 एवं कापू में 781.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# चक्रधर समारोह 14 से 23 सितंबर तक होगा रामलीला मैदान में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 अगस्त।** कला, संस्कृति और संगीत की समृद्ध परंपरा को समर्पित 41 वें चक्रधर समारोह-2026 का आयोजन रायगढ़ के स्थानीय रामलीला मैदान में 14 से 23 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। समारोह को व्यवस्थित, भव्य और गरिमामय स्वरूप देने के लिए जिला प्रशासन एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कलेक्टर एवं अध्यक्ष, चक्रधर समारोह आयोजन समिति श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश में समारोह से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए विभागवार कार्य एवं समन्वयक अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं।

समारोह के दौरान देश-प्रदेश से आने वाले कलाकारों, अतिथियों एवं कला प्रेमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंच, टेंट-पंडाल, विद्युत एवं साउंड व्यवस्था, ग्रीन रूम, स्वच्छता, पेयजल, भोजन, आवास, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा, प्रचार-प्रसार और स्वागत सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।चक्रधर समारोह के लिए जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम रायगढ़, पुलिस विभाग, रेलवे विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, जिला विपणन संघ, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नागरिक आपूर्ति निगम, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों को उनकी भूमिका के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कलेक्टर एवं अध्यक्ष चक्रधर समारोह आयोजन समिति तथा नोडल अधिकारी के निर्देशन में आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

### भव्य मंच के साथ आकर्षक होगा समारोह स्थल

समारोह स्थल रामलीला मैदान में टेंट-पंडाल की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। राजस्व विभाग को मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि नगर निगम रायगढ़ द्वारा रामलीला मैदान में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। परिसर एवं मंच की साफ-सफाई के लिए नगर निगम द्वारा प्रतिदिन कर्मचारियों की व्यवस्था की जाएगी, जो कार्यक्रम शुरू होने से एक घंटे पहले से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक तैनात रहेंगे। समारोह स्थल पर महाराजा स्वर्गीय चक्रधर सिंह जी का पोट्रेट स्थापित किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा दीप-शिखा सहित संबंधित व्यवस्थाएं की जाएंगी। वहीं लोक निर्माण विभाग को डायस, लाइट एवं साउंड की व्यवस्था तथा संबंधित टेंट एवं साउंड संचालक से समन्वय का दायित्व दिया गया है।

# रायगढ़ में विकास को मिल रही नई रफ्तार, हर क्षेत्र में तैयार हो रही सुविधाओं की मजबूत नींव: ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के साथ रायगढ़ शहर में भी नागरिक सुविधाओं और अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी ने आज रायगढ़ प्रवास के दौरान नगर निगम क्षेत्र के दो वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों से कहा कि शासन का मूल उद्देश्य ऐसे विकास कार्यों को धरातल पर उतारना है, जिनसे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए और रायगढ़ आने वाले वर्षों में आधुनिक एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित हो।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने वार्ड क्रमांक 28 पंजरी प्लांट, रायगढ़ में 33 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं शासकीय स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 9 नवागढ़ी में 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया। विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण से स्थानीय नागरिकों को सामुदायिक गतिविधियों, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, श्री सुरेश गोयल, श्री पावन अग्रवाल, श्री आशीष ताम्रकार पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल बड़े निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिले और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में रायगढ़ शहर में 10 ऑक्सीजोन विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इन ऑक्सीजोन के माध्यम से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। ऑक्सीजोन के साथ सार्वजनिक स्थानों पर स्वास्थ्य एवं मनोरंजन से जुड़ी सुविधाओं को भी विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए शहर की अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए बड़े प्रोजेक्ट पर भी लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। रिंग रोड के निर्माण से शहर के यातायात को बेहतर बनाने के साथ अधोसंरचना विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में नालंदा परिसर का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही जिले में नर्सिंग महाविद्यालय एवं फिजियोथेरेपी महाविद्यालय खोलने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में प्रयास विद्यालय संचालित हो रहा है और आने वाले समय में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की संस्थाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाओं के लिए अन्य शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।पंजरी प्लांट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने शहरवासियों को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण सौगात देने की घोषणा भी की।

# सुरक्षा के समुचित उपाय नहीं, ओला इलेक्ट्रिक सर्विस सेंटर सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 अगस्त।** काशीराम चौक स्थित ओला इलेक्ट्रिक सर्विस सेंटर में इलेक्ट्रिक वाहनों एवं लिथियम-आयन बैटरियों के असुरक्षित भंडारण की शिकायत पर जिला प्रशासन ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए सर्विस सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य वाणिज्यिक क्षेत्र में संभावित अग्नि दुर्घटना से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं तहसीलदार रायगढ़ श्री शिव कुमार डनसेना तथा नायब तहसीलदार पुसौर श्री प्रतीक देवांगन के जांच दल ने 07 अगस्त को मौके पर पहुंचकर परिसर का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान करीब 280 इलेक्ट्रिक वाहन एवं हाई-वोल्टेज लिथियम-आयन बैटरियों का असुरक्षित एवं अव्यवस्थित तरीके



से भंडारण पाया गया। वाहनों और बैटरियों को बिना पर्याप्त वेंटिलेशन वाले टिन शेड में रखा गया था, जबकि कई वाहन परिसर के बाहर भी खड़े पाए गए।

निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर कमियां सामने आईं। परिसर में आग बुझाने के लिए आवश्यक अग्निशामक यंत्र, सीओ-2 अथवा क्लास-डी अग्निशामक व्यवस्था, रेत की बाल्टियां अथवा अन्य प्रभावी अग्नि नियंत्रण प्रणाली उपलब्ध नहीं पाई गई। इलेक्ट्रिक वाहनों और हाई-वोल्टेज लिथियम-आयन बैटरियों के इस प्रकार असुरक्षित भंडारण को देखते हुए परिसर में आग लगने की स्थिति में गंभीर जनहानि और संपत्ति के नुकसान की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की।जांच दल द्वारा मौके पर आधिकारिक पंचनामा तैयार किया गया। तकनीशियन श्री चंद्र प्रकाश आदित्य की उपस्थिति में प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से सील किया गया। कार्रवाई में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर आम नागरिकों के जीवन को जोखिम में डालने वाली गतिविधियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# औद्योगिक सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर छह प्रतिष्ठानों पर 2.83 लाख रुपये का अर्थदण्ड

**रायगढ़, 8 अगस्त।** जिले में औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। कारखानों में सुरक्षा प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार आपराधिक प्रकरण दर्ज कर श्रम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाते हैं। इसी क्रम में श्रम न्यायालय रायगढ़ द्वारा जुलाई 2026 में छह औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रकरणों में प्रबंधन को दोषी पाए जाने पर कुल 2 लाख 83 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाना अधिनियम 1948 एवं छत्तीसगढ़ कारखाना नियमावली 1962 तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तों का विनियमन) नियम 2008 के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में ये प्रकरण श्रम न्यायालय रायगढ़ में दायर किए गए थे।

श्रम न्यायालय द्वारा जुलाई माह में जिन प्रकरणों में दोष सिद्ध होने पर अर्थदण्ड लगाया गया, उनमें मेसर्स रायगढ़ इस्पात एण्ड पावर प्रा.लि., यूनिट-2 पर 8 हजार रुपये, मेसर्स के.एल.एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन प्रा.लि. पर 25 हजार रुपये, मेसर्स साईं राम राईस मिल पर 50 हजार रुपये, मेसर्स श्री रूपणाधाम स्टील प्रा.लि. पर 50 हजार रुपये, मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड पर 1 लाख रुपये तथा मेसर्स सुनील स्पंज प्रा.लि. (रायगढ़ डिवीजन) पर 50 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।जिला प्रशासन ने औद्योगिक एवं निर्माण इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभाग को सुरक्षा मानकों एवं श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी दिशा में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कारखानों एवं निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रावधानों के अनुपालन की निगरानी की जा रही है।

# प्रभावित परिवारों के पुनर्वास में उनके हितों का रखें विशेष ध्यान : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़,8 अगस्त।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एसईसीएल की पेलमा ओपन कास्ट परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन को व्यवस्थित, पारदर्शी और नियमानुसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के लिए भूमि अर्जन से प्रभावित ग्रामों के परिवारों के पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन, रोजगार एवं अन्य पुनर्वास लाभों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में एसईसीएल की पेलमा ओपन कास्ट परियोजना के लिए भूमि अर्जित किए गए पेलमा, उरबा, लालपुर, मड़वाडूमर, सकता, मिलूपारा, खर्रा, हिन्झर एवं जरहिडीह, कुल 09 ग्रामों के परियोजना प्रभावित परिवारों से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मिलने वाले पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन लाभों तथा उनके लिए आवश्यक सुविधाओं को लेकर अधिकारियों एवं एसईसीएल के प्रतिनिधियों से जानकारी ली गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि राही, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, एसईसीएल के अधिकारी, जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति के सदस्यगण तथा संबंधित ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### अधिनियम एवं नीतियों के अनुरूप पुनर्वास सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी परियोजना प्रभावित परिवारों का पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन तथा अन्य लागू अधिनियमों एवं शासन की नीतियों के अनुरूप समुचित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि अर्जन के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों के हितों का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें नियमानुसार सभी पात्र लाभ उपलब्ध कराए जाएं।कलेक्टर ने जिले में उपलब्ध शासकीय भूमियों का चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए, ताकि परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्व्यवस्थापन स्थल के चयन में संबंधित ग्रामवासियों की राय एवं परामर्श को भी महत्व दिया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों के लिए सुविधाजनक एवं स्वीकार्य स्थान का चयन किया जा सके।

### रोजगार के लिए डिसेंडिंग ऑर्डर और क्लबिंग कॉन्सेप्ट का होगा परीक्षण

बैठक में परियोजना प्रभावित परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने से जुड़े विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कोल इंडिया लिमिटेड की पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के अंतर्गत रोजगार प्रदान करने के लिए अपनाए जाने वाले 'डिसेंडिंग ऑर्डर कॉन्सेप्ट' एवं 'क्लबिंग कॉन्सेप्ट' का परीक्षण किया जाए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों व्यवस्थाओं का तुलनात्मक परीक्षण कर यह चिन्हांकित किया जाए कि प्रभावित परिवारों के हित में कौन-सी व्यवस्था अधिक उपयुक्त एवं लाभप्रद होगी। इसके आधार पर रोजगार संबंधी प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं हितग्राही-केंद्रित बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### कम सर्किल रेट वाले ग्रामों में अतिरिक्त पुनर्वास लाभ देने पर जोर

बैठक में ग्राम हिन्झर एवं जरहिडीह से संबंधित विषयों पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। कलेक्टर ने एसईसीएल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि इन दोनों ग्रामों की भूमि का सर्किल रेट अपेक्षाकृत कम होने के कारण प्रभावित ग्रामवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इसकी भरपाई के लिए उन्हें कुछ अतिरिक्त पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन लाभ प्रदान करने की दिशा में आवश्यक पहल की जाए।उन्होंने कहा कि परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया केवल भूमि अर्जन तक सीमित न रहे, बल्कि उनके सामाजिक एवं आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए समुचित पुनर्व्यवस्थापन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रभावित परिवारों को मिलने वाले लाभ, पुनर्व्यवस्थापन स्थल, रोजगार तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर अधिकारियों एवं एसईसीएल के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# नरेश आर्य चौथी बार दाल मिल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने



**भाटापारा, 8 अगस्त।** नरेश आर्य चौथी बार दाल मिल एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बताया गया है कि कुछ लोगों ने नामांकन भरा था किंतु फिर आपसी सहमति और सर्वसम्मति है नरेश आर्य को पुनः दाल मील संगठन का 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना लिया गया है। गत 6 वर्षों से लगातार नरेश आर्य दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष है चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अनिल रोचलानी, कैलाश बालानी, अशोक किंगरानी, प्रेम थरानी, कमल किंगरानी, अमित अग्रवाल, आदि लोगों ने अपनी बधाई प्रेषित की है एवं अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी है ।

# एक नजर

## संथाली बुनाई को नया रूप, रामराज कॉटन ने लॉन्च की 'पंचा' धोती

**रायपुर, 8 अगस्त।** रामराज कॉटन ने ओडिशा के मयूरभंज की पारंपरिक संथाली बुनाई को आधुनिक धोती के रूप में पेश करते हुए 'पंचा' लॉन्च की है। कंपनी का उद्देश्य इस कम-ज्ञात आदिवासी बुनाई परंपरा को नई पहचान देने के साथ महिला बुनकरों की आजीविका को मजबूत करना है। 100% कॉटन से हाथ से बुनी पंचा में ऑफ-व्हाइट बेस, एजो-फ्री कलर और एक्स्ट्रा-वेफ्ट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी के संस्थापक एवं चेयरमैन के. आर. नागराजन ने कहा कि पंचा के जरिए पारंपरिक संथाली शिल्प को आधुनिक उपयोगिता के साथ व्यापक पहचान दिलाने का प्रयास किया गया है। पंचा 7 अगस्त से चुनिंदा रामराज कॉटन स्टोर्स और आधिकारिक ऑनलाइन स्टोर पर उपलब्ध है।

## मां की प्रथम पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में कराया भोजन



**डोंगरगढ़ 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पारस चौरडिया परिवार के द्वारा आज दिनांक 6.8.26 को वृद्धाश्रम एवं आश्रम स्कूल बछेरभाटा में अपनी माताजी की पुण्यतिथि पर भोजन दान किया गया आश्रम परिवार की ओर से चौरडिया परिवार को बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने ऐसे पुण्य के कार्य में अपना योगदान देकर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नंदई एवं टाकापारा में अतिक्रमण पर कार्रवाई



**राजनांदगांव 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम द्वारा यातायात में बाधित तथा बारिश का पानी निकासी में अवरोध अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कल नंदई कोठारपारा रोड में अतिक्रणम की तैयारी को आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम की उपस्थिति में जे.सी.बी. से तोड़ा गया। वही आज टाकापारा से रोड में रखे ठेले हटाए गये। बारिश में साफसफाई की दृष्टिकोण से एवं समुचित पानी निकासी के लिए नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता वार्डो में निरीक्षण कर निकासी में आये बाधा और आवागमन प्रभावित होने की दृष्टिकोण से अतिक्रमण हटाव अभियान चला रही है। वही मलमा मंडप के तहत रोड में व नाली जाम कर रखे बिल्डिंग मटेरियल एवं मलमा भी हटाने के साथ साथ गंदगी फैलाने पर जुर्माना की कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज निगम आयुक्त श्री मरकाम के निर्देश पर नगर निगम की अतिक्रमण हटाव टीम ने पुराना बस स्टैण्ड रोड से टाकापारा रोड में सड़क एवं नाली के पास रखे 6 ठेला हटाये गये। वही कल नंदई कोठार पारा रोड में सड़क पर अतिक्रमण कर बीम डाला जा रहा था, जिसकी शिकायत पर आयुक्त की उपस्थिति में जे.सी.बी. से तोडा गया। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री मरकाम ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिको एवं व्यापारियो से अपील करते हुये कहा है कि शहर के चैक चैराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार अतिक्रमण करने से पानी निकासी प्रभावित होती है। साथ ही सडक में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।

## संस्कारधारी को विकास कार्य कराने मिलेगी 44 करोड़ की सौगात

**राजनांदगांव 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संस्कारधानी को विकासी की ओर अग्रसर करने मूलभूत सुविधा सहित अन्य विकास कार्य कराने शासन द्वारा 44 करोड राशि स्वीकृत की गयी, जिसे धरातल में मूर्त रूप देने दिनांक 9 अगस्त 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे कृष्णकुंज जज कालोनी के पास रामकृष्ण नगर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन व विकास विभाग मंत्री माननीय श्री अरूण साव भूमिपूजन करेंगे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव, सांसद श्री संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेगे।

# मोबाइल नेटवर्क की बदहाली से जूझ रहा मुतापुर गांव, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

■ **कॉल से लेकर ऑनलाइन पढ़ाई और सरकारी योजनाएं प्रभावित, तकनीकी सर्वे कर नेटवर्क सुधारने की मांग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम/बीजापुर 8 अगस्त।** जिले के भोपालपटनम तहसील के ग्राम पंचायत बगापल्ली के आश्रित ग्राम मुतापुर में मोबाइल नेटवर्क की खराब स्थिति से ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कलेक्टर बीजापुर एवं एसडीएम भोपालपटनम को आवेदन सौंपकर गांव में मोबाइल नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के निकट मेढ़ू क्षेत्र में मोबाइल टावर मौजूद होने के बावजूद मुतापुर में नेटवर्क उपलब्ध नहीं हो पाता। कुछ स्थानों पर ही बेहद कमजोर सिग्नल मिलता है। इंटरनेट चलाने के लिए ग्रामीणों को गांव से बाहर अथवा किसी निश्चित स्थान पर जाना पड़ता है, जिससे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल कॉल बार-बार कट जाती है या लगती ही नहीं, वहीं बैंकिंग और अन्य जरूरी कार्यों के लिए OTP प्राप्त करने में परेशानी होती है। इंटरनेट की धीमी गति के कारण PI और ऑनलाइन बैंकिंग, बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल भुगतान तथा अन्य ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस और पुलिस से तत्काल संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। सरकारी योजनाओं के द्र-चड्ढ्ष्ट, आधार ह्ज्ञक्कऔर राशन कार्ड से जुड़े कार्यों में भी नेटवर्क की समस्या बाधा बन रही है। किसानों को मौसम एवं मंडी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जबकि रोजगार और ऑनलाइन कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

**गांव में नेटवर्क के लिए ग्रामीणों ने रखी ये मांगें :** ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित दूरसंचार विभाग को निर्देशित कर तकनीकी सर्वे कराया जाए तथा नेटवर्क कवरेज बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। आवेदन के साथ ग्राम सभा प्रस्ताव और ग्रामीणों के हस्ताक्षर की सूची भी संलग्न की गई है।ग्रामीणों का कहना है कि आज के डिजिटल दौर में मोबाइल नेटवर्क केवल सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन सेवाओं की जरूरत बन चुका है। ऐसे में मुतापुर जैसे गांवों को बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ना बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार भी दूरदराज क्षेत्रों में 4त्त कनेक्टिविटी विस्तार के लिए 4G Saturation परियोजना के तहत काम कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर मुतापुर में स्थायी और मजबूत मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने की मांग की है।

# राजनांदगांव में 24 लाख की जब्त शराब नष्ट, 221 प्रकरणों में कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** आज दिनांक को पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज श्री अजय यादव (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देशानुसार रक्षित केंद्र, राजनांदगांव में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जब्त मादक पदार्थों के विधिवत नष्टीकरण की कार्यवाही संपन्न की गई। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) की उपस्थिति, निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यवाही के माध्यम से जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का संदेश दिया गया।

राजनांदगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर लगातार कड़े प्रहार किए जा रहे हैं। जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही करते हुए आबकारी अधिनियम के प्रकरणों में जब्ती एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी अभियान की निरंतरता में लंबित प्रकरणों में जब्त शराब का विधिवत नष्टीकरण किया गया, जिससे यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध राजनांदगांव पुलिस की सख्त कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

नष्टीकरण की कार्यवाही के दौरान जिला राजनांदगांव के समस्त थाना एवं चौकियों में लंबित 221 आबकारी अधिनियम प्रकरणों में जब्त कुल 3610.84 बल्क लीटर शराब का नष्टीकरण किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 24,00,000 रुपये है। इसमें 1502 लीटर अंग्रेजी शराब (कीमत ?14,83,098), 1804 लीटर देसी शराब (कीमत ?8,37,826), 155 लीटर बीयर (कीमत ?48,300) तथा 147 लीटर महुआ शराब (कीमत ?30,750) शामिल है।

यह कार्यवाही आबकारी अधिनियम के प्रावधानों एवं जिला कलेक्टर, राजनांदगांव के आदेशानुसार संपन्न की गई। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी श्री संदीप सहारे, आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं श्री मुकेश वर्मा, कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री राकेश कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में रक्षित केंद्र, राजनांदगांव में जब्त शराब का विधिवत नष्टीकरण किया गया। राजनांदगांव पुलिस आमजन से भी अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन अथवा विक्रय की किसी भी सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी दें। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु राजनांदगांव पुलिस की कार्रवाई भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी।

# सरकारी शराब पीकर घर लौटते व्यक्ति पर कार्रवाई क्यों

■ **नक्सल पीड़ित परिवार ने उठाया सवाल, शराब सेवन के आरोप में पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 8 अगस्त।** सरकार द्वारा अधिकृत शराब दुकानों के माध्यम से शराब की बिक्री की जा रही है। वहीं शराब सेवन के लिए अहाता एवं बीयर बार जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। ऐसे में इन अधिकृत स्थानों पर शराब सेवन करने के बाद अपने घर लौट रहे व्यक्ति को रास्ते में रोककर यदि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर घूम रहे हो कहकर कार्रवाई की जाती है, तो इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इसी मुद्दे को लेकर नक्सल पीड़ित परिवारों में नाराजगी सामने आई है। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को सौंपे गए आवेदन में एक नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य ने आरोप लगाया है कि 6 अगस्त को वह अपनी मां के लिए दवाई लेने गया था और वापस लौटते समय सड़क किनारे बाइक रोककर फोन पर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की।

आवेदन में कहा गया है कि मौके पर शराब की बोतल, गिलास अथवा शराब सेवन से संबंधित कोई सामग्री बरामद नहीं हुई थी। इसके बावजूद उसके खिलाफकार्रवाई की गई तथा भविष्य में सार्वजनिक स्थान पर शराब नहीं पीने संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाए गए। नक्सल पीड़ित परिवारों का कहना है कि जब सरकार स्वयं अधिकृत शराब दुकानों के माध्यम से शराब बेच रही है और शराब पीने के लिए अहाता व बीयर बार जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं, तो वहां से शराब पीकर घर लौटने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मामले में वास्तविक परिस्थिति की जांच की जानी चाहिए। केवल रास्ते में रोककर यह मान लेना कि व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहा था, उचित नहीं है। परिवारों ने मांग की है कि पुलिस कार्रवाई में पारदर्शिता रखी जाए और यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन नहीं कर रहा है, तो उसके खिलाफ गलत आधार पर प्रकरण न बनाया जाए। आवेदन में कहा गया है कि यदि मामले में निष्पक्ष एवं उचित कार्रवाई नहीं होती है तो प्रदेश के विभिन्न जिलों के नक्सल पीड़ित परिवार 10 अगस्त को सुबह 10 बजे डोंगरगढ़ थाना से विधानसभा अध्यक्ष निवास, रायपुर तक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालेंगे। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से पदयात्रा के दौरान सुरक्षा उपलब्ध कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## जिला साहू संघ की बैठक 9 अगस्त को

**राजनांदगांव 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक 9 अगस्त 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला साहू संघ के पदाधिकारियों सहित तहसील साहू संघ के अध्यक्ष-सचिव, विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक, सहसंयोजक, सचिव एवं सदस्यगण शामिल होंगे। बैठक में सामाजिक संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष नोबेल साहू ने बताया कि संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सामूहिक रूप से चर्चा करने के उद्देश्य से यह आवश्यक बैठक बुलाई गई है। बैठक में जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों की सहभागिता के साथ समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ निगम की कार्रवाई

**राजनांदगांव 8 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे अभियान चलाकर 10 ठेला खोमचा एवं चखना सेन्टर पर कार्यवाही कर झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल ग्लास, चम्मच,स्ट्रा, पानी पाउच की जप्ती कर 2 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना वसूल किये। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है।

# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गर्भाशय के जटिल ट्यूमर की सफल सर्जरी

■ **विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 26 सप्ताह के शिशु के आकार के ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड का सफल ऑपरेशन कर महिला को दिया नया जीवन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 अगस्त।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने एक जटिल एवं चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक संपन्न कर जिले में उपलब्ध विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एक महिला के गर्भाशय के बाहर विकसित हुए विशाल ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड (ट्यूमर) का सफल ऑपरेशन कर उसे स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद दी।

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मीना आरमो ने बताया कि यह ट्यूमर ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड था, जो कैंसर नहीं होता है। यह सामान्य फाइब्रॉयड की तरह गर्भाशय के भीतर न होकर गर्भाशय के बाहर बांई ओर स्थित था। इसका आकार लगभग 26 सप्ताह के शिशु के समान था। ट्यूमर के आसपास मूत्रवाहिनी (यूरेटर) तथा प्रमुख रक्त वाहिकाएं होने के कारण इसकी सर्जरी अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। उन्होंने बताया कि महिला की यूएसजी एवं सीटी स्कैन रिपोर्ट में गर्भाशय कैंसर की संभावना व्यक्त की गई थी, जिसके आधार पर स्टेजिंग लैप्रोटॉमी की योजना बनाई गई थी। लेकिन ऑपरेशन के दौरान पेट में चीरा लगाने के बाद स्पष्ट हुआ यह कैंसर नहीं, बल्कि ब्रॉड लिगामेंट फाइब्रॉयड है। इसके बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अत्यंत सावधानी एवं दक्षता के साथ ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया। ऑपरेशन के उपरांत गर्भाशय, ट्यूब, अंडाशय एवं ट्यूमर के नमूनों को आवश्यक जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। वर्तमान में मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर है तथा वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में नियमित रूप से जटिल स्त्री रोग संबंधी शल्य चिकित्साएं आधुनिक तकनीकों एवं मानक उपचार पद्धतियों के अनुरूप की जा रही हैं। इससे जिले एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को उच्चस्तरीय विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो रहा है। यह सफल ऑपरेशन प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मीना आरमो, सहायक प्राध्यापक डॉ. अंबालिया ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा कोसम, सह प्राध्यापक डॉ. स्मृति एवं उनकी टीम, स्टाफ प्रभारी इंदुमती तथा स्टाफनर्स माहेश्वरी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202608092200005**

**विषयः- ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सन्ः- 2025-2026**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- राजेन्द्र बोथरा,**
**अनावेदक पक्षकार-**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेन्द्र बोथरा आ. मिश्री लाल बोथरा जाति जैन निवासी बागबाहरा तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक की बुआ सुन्दर बाई चोपड़ा पिता रावलमल चोपड़ा की मृत्यु दिनांक 05/06/2024 को स्थान डोंगरगढ़ में हुई है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24/08/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

**क्रमांक/लो.क.वि./2026/1011** **रिसाली दिनाँक 07/08/26**

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 40 तक डस्ट प्रदाय कार्य (जोनल टेण्डर) निगम मद। | 196860 | 33.91 | 27.08.2026 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**रिसाली**

## कार्यालय पंचायत चारामा, जिला -उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

### //ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//

**क्रमांक/347/लो.नि.वि./न.पंचा./2026** **चारामा, दिनांक 07/08/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से Swachh Bharat Mission 2.0 (SBM 2.0) अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 197144 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of CHARAMA, Chhattisgarh | 29.45 | 24/08/2026 17:30 IST |

**टीप :** अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चारामा**

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा

(फोन/फैक्स नं. 07856-252362, ई मेल eedan-phe-cg@nic.in)

**निविदा सू.क्र./05-06/DWSM/JJM/लो.स्वा.यां./2026** **दन्तेवाड़ा, दिनांक :06/08/2026**

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यो में प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 लागू होगा। निविदाएँ पूर्व में कार्यादेशित ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कर पाने के कारण कार्य निरस्त कर पुनः शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने हेतु पूर्व ठेकेदारों के रिस्क एण्ड काष्ट पर आधारित है। ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।

**कार्य का नाम :- टंकी एवं पाईप लाईन का कार्य (Risk & Cost)**

| क्र. | एन.आई.टी/ दिनांक एवं सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/06.08.2026 196651 | मेण्डोली/दन्तेवाड़ा सिंगल विलेज (रिस्क एंड कॉष्ट) | प्रथम काल | 42.63 | 31980 |
| 2 | 06/06.08.2026 196982 | मुस्केल/दन्तेवाड़ा सिंगल विलेज (रिस्क एंड कॉष्ट) | प्रथम काल | 66.99 | 52500 |
| | | कुल योग | | 109.62 | |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं सामान्य अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :-निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.08.2026 है।

**टीपः- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.08.2026 है।**

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**दंतेवाड़ा**

जी-262702639/6

# 30 दिवसीय अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन





**रायपुर 8 अगस्त।** बुढ़ापारा ,सप्रे शाला स्थित श्री हनुमान मंदिर में 30 दिवसीय ÷ अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन पंडित श्री दिलीप शर्मा जी के मार्ग दर्शन में किया जा रहा है. विदित हो की इस पाठ का आयोजन विगत 25 वर्षों से प्रत्येक श्रावण मास में किया जाता है. 29 जुलाई ( गुरु पूर्णिमा ) से प्रारंभ अखंड रामायण पाठ का समापन 28 अगस्त ( रक्षा बंधन )को 24 घंटे की भव्य राम चरित मानस पाठ के दोहे, छंद एवं सोरठे के साथ ? राम रामायण नमः के 24 घंटे अनवरत उच्चारण के साथ यज्ञ आहुति के पश्चात सम्पन्न होगा . उपरोक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष मनोज इनचुरकर ने दी।

## नैनो यूरिया के उपयोग को लेकर इफको की कार्यशाला

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में शुक्रवार 7 अगस्त को इफ्को द्वारा आयोजित कार्यशाला में छत्तीसगढ़ मार्केटिंग फेडरेशन के प्राधिकृत अधिकारी श्री शशिकांत द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल की अध्यक्षता एवं श्री भरत वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैंक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा श्री शशिकांत द्विवेदी का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को आधुनिक एवं प्रभावी उर्वरक तकनीक के प्रति जागरूक करना रहा।

## एक नजर

### एम्स रायपुर में साइक्लोथॉन



**रायपुर, 8 अगस्त।** एम्स रायपुर में गुरुवार को बोन एंड जॉइंट वीक के अवसर पर इप्का लेबोरेटरी लिमिटेड द्वारा एम्स के ऑर्थोपेडिक विभाग में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत एम्स ऑर्थोपेडिक विभाग के सभी प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉक्टर, पीजी डॉक्टर और अन्य लगभग 50 लोगों ने एम्स कैंपस में साइकिल चलाकर लोगों को स्वस्थ हड्डी, स्वस्थ मानव और स्वस्थ हड्डी, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. आलोक चंद अग्रवाल ने बताया कि उम्र के साथ कमजोर होने वाली हड्डियों की समस्या को काफी हद तक रोजाना व्यायाम और साइक्लिंग के माध्यम से कम किया जा सकता है। वहीं इप्का लैब लिमिटेड के एरिया मैनेजर मनोज शुक्ला ने बताया कि उनकी कंपनी जनहित में इस प्रकार का आयोजन लोगों में व्यायाम के प्रति जागरूकता लाने के लिए हर वर्ष करती है।

### चेम्बर की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 9 को

**रायपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने जानकारी दी कि चेम्बर प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार, दिनांक 9 अगस्त को सुबह 11.00 बजे से ग्रैंड लोटस, तिफरा, काली मंदिर के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर में आयोजित की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने चेम्बर के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की है कि वे कार्यकारिणी की बैठक में समय पर अवश्य ही उपस्थित होवें।

### राजधानी में नाबालिग वाहन चालकों पर सख्ती

**रायपुर, 8 अगस्त।** पुलिस कमिश्नरेट रायपुर की यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर के विभिन्न स्कूलों के बाहर नाबालिग वाहन चालकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल ऑटो के खिलाफविशेष अभियान तेज कर दिया है। यातायात डीसीपी डॉ. अर्चना झा के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में अब तक 340 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। गुरुवार को रेयान स्कूल, द्रोणाचार्य स्कूल, ब्रह्मविद स्कूल, केपीएस स्कूल, केंद्रीय विद्यालय (WRS कॉलोनी), विंध्य पब्लिक स्कूल, एमजीएम स्कूल, देशबंधु स्कूल और होली हार्ट स्कूल के बाहर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 59 नाबालिग वाहन चालक, 3 स्कूल वैन और 1 स्कूल ऑटो सहित कुल 63 वाहनों के खिलाफमोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### व्यापारी समाज पूरे प्रदेश में चलाएगा तिरंगा अभियान

**रायपुर, 8 अगस्त।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अभियान को प्रदेश के प्रत्येक शहर, कस्बे एवं बाजार तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# अमित कटारिया विवाद में पूर्व सांसद जयश्री ने लोस अध्यक्ष को लिखा पत्र

## निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

**रायपुर, 8 अगस्त।** मध्यप्रदेश बीजेपी की कद्दावर नेत्री जयश्री बैनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर आईएएस अधिकारी अमित कटारिया के खिलाफ कार्यवाही करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखा है। विदित हो जयश्री बैनर्जी पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक रह चुकी हैं।इस परिचय के साथ साथ जयश्री बैनर्जी का एक परिचय यह भी है कि वे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके जे पी नड्डा की सास हैं।जयश्री बैनर्जी के इस पत्र के बाद अमित कटारिया और बृजमोहन विवाद और तूल पकड़ गया है।



बीजेपी की कद्दावर नेत्री जयश्री बैनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को संबोधित पत्र में लिखा है- हाल ही में विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रकाशित समाचारों, विशेषकर संलग्न प्रेस समाचार, से ज्ञात हुआ कि रायपुर (छत्तीसगढ़) के आई.ए.एस. अधिकारी अमित कटारिया के विरुद्ध सांसद द्वारा गंभीर शिकायत की गई है। समाचार के अनुसार लोकसभा सचिवालय द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक जानकारी मांगी गई है।इसके अतिरिक्त, यह भी व्यापक रूप से चर्चा में रहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ रहते हुए अमित कटारिया के कार्यकाल के दौरान 108 एम्बुलेंस सेवा के टेंडर में नियमों की अनदेखी करते हुए गंभीर अनियमितताओं एवं कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। यदि इन आरोपों में तथ्य हैं, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है क्योंकि इसका सीधा संबंध जनस्वास्थ्य एवं आम नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं से है।अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि, सांसद द्वारा की गई शिकायत एवं संलग्न समाचार में वर्णित तथ्यों का संज्ञान लिया जाए।अमित कटारिया के विरुद्ध लगाए गए आरोपों, विशेषकर स्वास्थ्य विभाग एवं 108 एम्बुलेंस सेवा के टेंडर से संबंधित कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए।यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार सिद्ध होता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में जनता का विश्वास बना रहे।सांसद जयश्री बैनर्जी ने पत्र में आगे लिखा है - मुझे पूर्ण विश्वास है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा एवं जनहित की रक्षा के लिए इस विषय पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### बृजमोहन ने विशेषाधिकार हनन का दिया है नोटिस




विदित हो कि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आईएएस अफसर अमित कटारिया के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है ।इस नोटिस पर लोकसभा सचिवालय सक्रिय हुआ और डीओपीटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव से तथ्यात्मक रिपोर्ट माँगी गई है। इस रिपोर्ट में आईएएस अमित कटारिया का बयान भी शामिल हो सकता है।

श्रद्धांजलि



**रायपुर, 8 अगस्त।** विधायक सुनील सोनी ने भारतीय राष्ट्रगान के रचियता, महान साहित्यकार, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर टैगोर नगर चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# धर्मांतरण के बड़े रैकेट का सरगना है अरुण पन्नालाल : अजय चंद्राकर

**रायपुर, 8 अगस्त।** भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी करने पर क्रिश्चन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल की गिरफ्तारी को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी तो एक घटना मात्र हैं. दरअसल, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण के बड़े रैकेट का अरुण पन्नालाल सरगना है, जिसकी पूरी हिस्ट्री जांचनी चाहिए. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि अरुण पन्नालाल खुद कब धर्मांतरित हुए? कितने संस्थाओं से उन्हें पैसे मिले? इसका उपयोग कहां हुआ? आजीविका कैसे चल रही है? ऐसे सारे विषय में प्रशासन को जांच करना चाहिए. विदेशी फंडिंग के यहां के सरगना हैं पन्नालाल. मैं मांग करता हूं कि इस घटना की उच्च स्तरीय जाँच की जाए.



### बजरंग दल और आरएसएस के लोग बिगाड़ रहे माहौल

वहीं अरुण पन्नालाल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बजरंग दल और आरएसएस के लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं. कांग्रेस इसकी निंदा करती है. सरकार के लोगों को इस पर आत्म अवलोकन करना चाहिए. धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को लेकर लोगों को उकसाकर कार्रवाई कर रहे हैं, हिंदुस्तान सभी लोगों का है, यहां संत महात्माओं का आदर है.

### अजय चंद्राकर की आंखों में चाटुकारिता की पट्टी

अजय चंद्राकर के बयान पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा में दूध में मक्खी की तरह निकाले दिए गए हैं अजय चंद्राकर. वे उललू-जुलूल बात करते हैं. ई20 पेट्रोल का मुद्दा आमजनता की समस्या है. अजय चंद्राकर को ये खराब लग रहा है, क्योंकि उनके आंखों में चाटुकारिता की पट्टी बांधी है. सत्ता में रहने के कारण भाजपा को कैडर बेस पार्टी बोली जाती रही है, पर उनमें कैडर ही नहीं बचा है. रायपुर में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पत्र को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि उन्होंने जो पत्र लिखा है, वह मैने भी पढ़ा है. नई व्यवस्था को सेट होने में टाइम लगेगा. रायपुर को टुकड़ों में नहीं बांटना चाहिए. कमिश्नर प्रणाली के अंतर्गत पूरे शहर को रखना चाहिए.

कमिश्नरेट प्रणाली को लेकर बृजमोहन अग्रवाल की चिट्ठी पर अजय चंद्राकर के बयान पर कांग्रेस संचार प्रमुख ने कहा कि कमिश्नर प्रणाली राज्य सरकार की विफलता की उपज है. कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद अपराध बढ़े हैं. पुलिस ने एफआईआर लिखना बंद कर दिया है. कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद अपराधों में अंकुश नहीं लगा है, कांग्रेस दोनों ही नेताओं से सहमत है. कमिश्नरेट लागू होने से सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आए हैं.

### कांग्रेस जिलाध्यक्षों की रैंकिंग पर वार-पलटवार

ट्रेनिंग के बाद अब कांग्रेस जिलाध्यक्षों को पार्टी हाईकमान के रैंकिंग देने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि राहुल गांधी के पास अभी समय नहीं हैं. वो सोशल मीडिया में पेट्रोलियम गाड़ी का ढक्कन खोलने, बंद करने में व्यस्त हैं, ऐसे में रैंकिंग के लिए समय कहां होगा. उन्होंने कहा कि रैंकिंग की बात फर्जी समाचार है, ऐसा मुझे लगता है. दरअसल, कांग्रेस के पास ना कार्यकम है, ना उद्देश्य है, और ना ही विजन है. किसी तरह से अपने चले आ रहे कैडर को व्यस्त रखना है. तो उठक-बैठक कराते रहते हैं, और कुछ नहीं है.

# अरुण पन्नालाल 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर

**रायपुर, 8 अगस्त।** राजधानी रायपुर में भगवान शिव को लेकर सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद शुक्रवार को विवाद गहरा गया। टिप्पणी करने वालों के खिलाफ बीजेपी ने शिकायत की और छत्तीसगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिश्चियन फोरम के पदाधिकारी अरुण पन्नालाल के घर का घेराव कर प्रदर्शन किया।

बीजेपी और छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। इसके अरुण पन्नालाल को गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। वे 21 अगस्त तक जेल में रहेंगे।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने अरुण पन्नालाल के घर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था।



# स्थानीय युवाओं के सपने भी छीन रही है भाजपा सरकार : कांग्रेस

**रायपुर, 8 अगस्त।** भाजपा सरकार पर स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि देश को सर्वाधिक लौह अयस्क देने वाले बस्तर में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) उत्पादन और मुनाफे के लगातार रिकॉर्ड बना रही है लेकिन बस्तर के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के मामले में बेहद निराश किया है। लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2023 से 2025 के दौरान बैलाडीला, बचेली, किरंदुल और नगरनार में एनएमडीसी में कुल 1173 भर्तियां की गई जिनमें से बस्तर के केवल 275 युवाओं को ही अवसर मिला। 2025 में हुई कुल 710 नियुक्तियों में केवल 66 अभ्यर्थी (मात्र 9 प्रतिशत) बस्तर के स्थानीय हैं, 91 प्रतिशत बाहरी। कौशल विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार का सरकारी दावा झूठा साबित हो रहा है। जिस जमीन से खनिज निकल रहा है वहीं के युवा पीछे धकेले जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि बस्तर के जल, जंगल, जमीन और खनिज संसाधनों के बल पर एनएमडीसी अनाप-शनाप मुनाफा कमा रही है, लेकिन रोजगार के अवसर देने में यहां के युवाओं से भेदभाव क्यों? बस्तर में बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है, हजारों युवाओं के सपनों पर पलायन की मजबूरी भारी पड़ रहा है, यहां के युवा तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल जैसे राज्यों के बड़े शहरों की ओर पलायन के लिए मजबूर हैं।



### किसान मोर्चा 12 अगस्त को निकालेगा ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और गेड़ी तिरंगा यात्रा

**रायपुर, 8 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा आगामी 12 अगस्त को प्रदेश के सभी जिलों में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा, बैलगाड़ी तिरंगा यात्रा एवं पारम्परिक गेड़ी तिरंगा यात्रा निकालेगा। इसे लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में किसान मोर्चा की प्रदेशस्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में आगामी 30-31 अगस्त को प्रस्तावित किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए नियमित प्रवास अनिवार्य है। साय ने सभी जिला एवं संभाग प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे जिलों, मंडलों एवं शक्ति केंद्रों का नियमित प्रवास करें। प्रवास संगठन का प्राण तत्व है। हर महीने कम से कम 5 से 6 बार प्रवास करने से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता है और संगठन को मैदानी स्तर पर मजबूती मिलती है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोकसिंह ठाकुर ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा के बाद 30 एवं 31 अगस्त को किसान मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित होगी, जिसमें पूरे प्रदेश से मोर्चा के लगभग 350 पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री द्वय नवीन मार्कंडेय व अखिलेश सोनी, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश तिवारी एवं किसान मोर्चा की राष्ट्रीय नेत्री पिंकी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने आगामी तिरंगा यात्रा और प्रदेश कार्यसमिति बैठक को ऐतिहासिक बनाने के लिए रणनीति तैयार की तथा कार्यकर्ताओं को अधिक-से-अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया।

# दादागुरुदेव इक्तिसा जाप 10 से 30 अगस्त तक

**रायपुर, 8 अगस्त।** हैदराबाद में विराजमान खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर म सा ने चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में 10 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप के लिए वासक्षेप व आशीर्वाद प्रदान किया।

गुरुदेव ने भैरव सोसायटी संघ के उत्तरोत्तर प्रगति की मंगलभावना प्रेषित की है। 12 अगस्त बुधवार को हरेली अमावस्या के पावन अवसर पर पुष्य लाभ योग में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा होगी, दादागुरुदेव के 21 दिवसीय जाप व महापूजन कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि, अच्छी फसल व हरियाली हेतु मंगल प्रार्थना की जावेगी उक्ताशय की जानकारी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी। सर्वप्रथम चारों दादागुरुदेव की वेदी प्रतिमाओं के सम्मुख अष्ट प्रकारी पूजा का विधान होगा।

अध्यक्ष सन्तोष बैद, वर्धमान चोपड़ा, दीप्ती बैद, विवेक बैद, निर्मल पारख मंजू कोठारी द्वारा बड़ी पूजा का विधान सम्पन्न किया जावेगा। चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में 10 अगस्त से 21 दिवसीय इक्तिसा जाप आरम्भ होगा। 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप के लिए 9 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे मूर्ति, अखण्ड दीपक व कलश स्थापना विधिकारक विमल गोलछा द्वारा विधिपूर्वक कराई जाएगी।



चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में दादागुरुदेव की मूर्ति स्थापना के लाभार्थी मूलचंद अंची बाई के आत्मश्रेयार्थ संतोष सरला बैद परिवार हैं। मंगल कलश अनमोल ममता दर्श जैन परिवार द्वारा स्थापित किया जावेगा। अखंड दीपक अशोक कुमार प्रशांत कुमार कोचर परिवार की ओर से प्रज्वलित होगा।

### ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 12 से

**रायपुर, 8 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा ग्रीन स्टील एवं माइनिंग समिट 2026 के 5वें संस्करण, अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-कम-एक्सपोजिशन, का आयोजन 12-13 अगस्त 2026 को मेफेयर लेक रिज़ॉर्ट, नवा रायपुर में किया जाएगा।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे और भारत के प्रमुख इस्पात उत्पादक राज्यों में से एक छत्तीसगढ़ में सतत औद्योगिक विकास के रणनीतिक महत्व पर अपना संबोधन देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। दो दिवसीय समिट में भारत और विदेशों से 400 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें फिनलैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और स्वीडन के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। यह आयोजन इस्पात एवं खनन मूल्य श्रृंखला से जुड़े विभिन्न हितधारकों-नीति-निर्माताओं, निर्माताओं, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, स्थिरता विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक मंच पर लाएगा। सम्मेलन में भारत के इस्पात क्षेत्र के हरित संक्रमण को समर्थन देने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों, सर्वोत्तम प्रथाओं और नीतिगत ढाँचों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। 40 से अधिक वक्ताओं के साथ 8 तकनीकी सत्र और पैनल चर्चाएं, जिनमें कम-उत्सर्जन वाले इस्पात उत्पादन के मार्ग, ग्रीन स्टील को अपनाने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप, कम-कार्बन इस्पात उत्पादन के वैश्विक उदाहरण जैसे विषय शामिल होंगे। 50 से अधिक टेक्नोलॉजी एक्सपोजिशन, जिसमें अत्याधुनिक स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और इस्पात एवं खनन उत्पादकों के बीच सहयोग के अवसर उपलब्ध होंगे।

**कार्रवाई** — नो पार्किंग और अवैध वेंडरों पर कसा शिकंजा, 3800 लोगों से वसूला 20 लाख से ज्यादा जुर्माना

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ का बड़ा एक्शन

**रायपुर, 8 अगस्त।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा, सुगम यातायात और परिसर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इसके तहत रायपुर और भाटापारा रेलवे स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारी जुर्माने की कार्रवाई की गई।

आरपीएफअधिकारियों के अनुसार, अभियान के दौरान वर्ष 2025-26 में रेलवे अधिनियम की धारा 159 के अंतर्गत नो पार्किंग एरिया में वाहन खड़े करने वाले 2, 025 लोगों के खिलाफकार्रवाई की गई। वहीं धारा 144 के तहत स्टेशन और ट्रेनों में बिना अनुमति सामान बेचने वाले 1, 780 अवैध वेंडरों पर भी कार्रवाई की गई।

दोनों अभियानों में कुल 3, 805 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। अभियान का उद्देश्य स्टेशन परिसर को अतिक्रमण, अवैध गतिविधियों और यातायात अव्यवस्था से मुक्त रखना है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।



रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन परिसर में नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने, अवैध रूप से फेरी लगाने या बिना अनुमति व्यापार करने वालों के खिलाफआगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे रेलवे के नियमों का पालन करें और स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत आरपीएफया रेलवे प्रशासन को दें। इससे स्टेशन पर व्यवस्था बनाए रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### भाटापारा स्टेशन पर किलाबंदी कर टिकट जांच

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट जांच की। इस दौरान सभी प्लेटफार्म, 14 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 287 मामलों को दर्ज कर 2, 45, 835 रुपए जुर्माना वसूला गया। बिना टिकट यात्रा करने वाले 191 यात्री पकड़े गए। वहीं अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 72 यात्रियों को पकड़ा, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने के 22, गंदगी, धूम्रपान के 1-1 मामलों में कार्रवाई की गई।

# राइस मिल के कस्टम मिलिंग में आ रही समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा



**रायपुर, 8 अगस्त।** मंत्रालय, महानदी भवन में खाद्य सचिव रीना बाबा कंगाले, प्रबंध संचालक मार्कफेड जितेंद्र शुक्ला, प्रबंध संचालक नान इर्फ़ान आरा मार्कफेड के जीएम कैलाश वर्मा खाद्य विभाग के जी.एस. सिकरवार के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा ने बताया की बैठक में वर्ष 2026-27 की कस्टम मिलिंग नीति एवं चावल जमा व्यवस्था सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रमुख बिंदु निम्नानुसार रहे। इस वर्ष 10% इम्प्रूव राइस नान में जमा किया जाएगा। स्टेट पूल के अंतर्गत लगभग 17.32 लाख टन चावल जमा होगा। सेंट्रल पूल से लगभग 16.00 लाख टन चावल नान में जमा किया जाएगा। लगभग 10.00 लाख टन बॉयल्ड (उसना) राइस 5% एफसीआई में जमा किया जाएगा। लगभग 5.00 लाख टन (10%)अरवा चावल एफसीआई में जमा होगा। शेष लगभग 25% ब्रोकन अरवा चावल एफसीआई में जमा किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा ने बताया की राइस मिल परिसर में निर्मित गोदाम एवं वर्तमान राइस मिलों में तकनीकी उन्नयन पर भी सब्सिडी दी जाए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26